प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी



केसी त्यागी विवाद-जयंत चौधरी ने नीतीश को दिखाया आईना पेज- 2

www.newswani.in

पेज-6 भूखण्ड आवंटन हेतु करें आवेदन

वर्ष : 15 अंक : 26 | बुधवार 14 जनवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 | मूल्य 1.00 रूपया

## गुजरात हाइकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज की

### पीएम मोदी की डिग्री से जुड़ा मामला, संजय सिंह से अलग ट्रायल की मांग की थी

(एजेंसी) अहमदाबाद। गुजरात हाइकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुजरात यूनिवर्सिटी डिग्री से जुड़े मानहानि मामले में आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी। केजरीवाल ने इस मामले में पार्टी नेता संजय सिंह से अलग ट्रायल चलाने की मांग की, जिसे अदालत ने स्वीकार करने से इनकार कर दिया। जस्टिस एमआर मेंगदे ने मंगलवार को आदेश सुनाते हुए कहा कि यह याचिका खारिज की जाती है। हालांकि, कोर्ट के आदेश की पूरी प्रति आना बाकी है। हाइकोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला पिछले महीने सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल ने कहा था–आरोप अलग–अलग घटनाओं से जुड़े केजरीवाल ने याचिका में कहा था कि उन पर साजिश रचने या आपराधिक इरादे को बढ़ावा देने का कोई आरोप नहीं है। उनके



और संजय सिंह के खिलाफ लगाए गए आरोप अलग–अलग घटनाओं से जुड़े हैं। दोनों ने अलग–अलग तारीखों पर बयान दिए अलग–अलग वीडियो जारी किए और दोनों के सोशल मीडिया अकाउंट भी अलग–अलग हैं। इसलिए दोनों का एक साथ ट्रायल करना सही नहीं है। अप्रैल 2023 में, गुजरात यूनिवर्सिटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री को लेकर अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह के बयानों को लेकर मानहानि का मुकदमा दायर किया था। गुजरात यूनिवर्सिटी ने केस दर्ज कराते हुए कहा था कि केजरीवाल और संजय सिंह ने यूनिवर्सिटी की छवि खराब करने की कोशिश की है। दोनों नेताओं ने संस्थान की प्रतिष्ठा पर सवाल उठाए हैं। उनको पता है कि पीएम की डिग्री पहले ही वेबसाइट पर अपलोड की जा चुकी है। इसके बावजूद दोनों नेता कह रहे हैं कि डिग्री न दिखाकर यूनिवर्सिटी सच छिपा रही है, जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है। शिकायतकर्ता के वकील अमित नायर ने बताया कि गुजरात विश्वविद्यालय को निशाना बनाने वाली दोनों नेताओं की टिप्पणियां मानहानिकारक और संस्थान की प्रतिष्ठा को चोट पहुंचाती हैं। गुजरात विश्वविद्यालय की स्थापना 70 साल से भी पहले हुई थी। यह विश्वविद्यालय लोगों के बीच प्रतिष्ठित है और आरोपी के बयान से विश्वविद्यालय के बारे में अविश्वास पैदा होने का खतरा है।

## 'मोदी जी आप तमिल जनता की आवाज को नहीं दबा सकते', विजय की 'जन नायकन' के समर्थन में उतरे राहुल गांधी

(एजेंसी) नयी दिल्ली। थलापति विजय की आखिरी फिल्म मानी जा रही है 'जन नायकन' रिलीज से पहले ही विवादों में फंसी है। अपने सेंसर सर्टिफिकेट को लेकर फिल्म के मेकर्स अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुके हैं। हालांकि, इस बीच विजय की फिल्म को तमिल सिनेमा के तमाम कलाकारों का समर्थन मिल रहा है। अब इस मामले में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी ने भी प्रतिक्रिया दी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विजय की 'जन नायकन' की रिलीज अटकने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राहुल गांधी ने इसको लेकर अपने एक्स पर एक पोस्ट की है। इस पोस्ट में राहुल ने पीएम मोदी का जिक्र किया है। पोस्ट में राहुल ने लिखा, 'सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा श्जन नायकनश को रोकने का प्रयास तमिल संस्कृति पर हमला है। पीएम मोदी आप तमिल जनता की आवाज को दबाने में कभी सफल नहीं होंगे। जन नायकन' की रिलीज का मामला अब सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर पहुंच चुका है। इससे पहले पिछले सप्ताह मद्रास हाईकोर्ट ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिए थे। अदालत ने साफ किया था कि सीबीएफसी के चेयरपर्सन का फिल्म को रिवाइजिंग कमेटी के पास भेजने का अधिकार अवैध था। कोर्ट के मुताबिक, जब चेयरपर्सन ने सिफारिश की थी कि सर्टिफिकेट कट के बाद जारी किया जाएगा, तब उनका ये अधिकार खत्म हो गया था। इसके बाद निर्माताओं ने सर्टिफिकेट तुरंत जारी करने की मांग के साथ अदालत का रुख किया था।हालांकि, अब मद्रास हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देते हुए मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। उच्चतम न्यायालय में इस चुनौती के पीछे मुख्य दलील ये है कि फिल्म को रिलीज करने से पहले सभी प्रॉसेस का पालन करना जरूरी है। साथ ही किसी भी तरह के सर्टिफिकेट जारी करने या रोकने के फैसले पर रिव्यू की संभावना बनी रहनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल मामले की सुनवाई के लिए तारीख तय नहीं की है, लेकिन इस कदम ने फिल्म के रिलीज को लेकर अनिश्चितता बढ़ा दी है।



## पाकिस्तान में फिर दहशतः शांति समिति के चार सदस्यों की गोली मारकर हत्या

(एजेंसी) पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक स्थानीय शांति समिति के चार सदस्यों की अज्ञात हमलावरों ने मंगलवार को गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान से सटे बन्नू जिले में हुई। अज्ञात बंदूकधारियों ने जिले के मजांग चौक के पास घात लगाकर हमला किया और शांति समिति के सदस्यों की हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और इलाके को घेर लिया। हमलावरों की तलाश के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए पास के अस्पताल में ले जाया गया। पाकिस्तान में खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादी हमलों में तेजी आई है और मुख्य रूप से पुलिस, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मियों और सुरक्षा बलों को निशाना बनाया जा रहा है। इस प्रांत में सोमवार को पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट में एक वरिष्ठ अधिकारी समेत कम से कम छह पुलिसकर्मी मारे गए। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए एक राहगीर ने बाद में दम तोड़ दिया।

## भू-राजनीतिक तनाव से सोने-चांदी की ऐतिहासिक उछाल, एक झटके में महंगे हुए दोनो

(एजेंसी) नयी दिल्ली। भू– राजनीतिक तनाव के मद्देनजर निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने से मंगलवार को वायदा बाजारों में सोने और चांदी के भाव नए उच्च स्तर पर पहुंच गए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च में आपूर्ति वाले चांदी के अनुबंधों का भाव 3,232 रुपये या 1.2 प्रतिशत चढ़कर 2,72,202 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। चांदी के भाव में पिछले दो सत्र में 19,477 रुपये या 7.7 प्रतिशत की तेजी आई है। शुक्रवार को इसकी कीमत 2,52,725 रुपये प्रति किलोग्राम थी। एमसीएक्स पर फरवरी में आपूर्ति के लिए सोने के वायदा भाव में 196 रुपये या 0.14 प्रतिशत की तेजी आई और यह रिकॉर्ड 1,41,836 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स पर फरवरी में आपूर्ति वाले सोने की कीमत 15.26 अमेरिकी डॉलर या 0.33 प्रतिशत घटकर 4,599.44 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई। वहीं मार्च में आपूर्ति वाले अनुबंधों के लिए चांदी की कीमत मामूली बढ़त के साथ 85.20 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस रही।



## ईरान संकट का असर भारतीय बासमती निर्यात पर, घरेलू कीमतों में तेज गिरावट

(एजेंसी) नयी दिल्ली। ईरान में जारी नागरिक अशांति का सीधा असर भारत के बासमती चावल निर्यात पर दिखने लगा है। भुगतान में देरी, ऑर्डर में अनिश्चितता और व्यापारिक जोखिम बढ़ने के कारण घरेलू बाजार में बासमती चावल की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई है। उद्योग संगठन इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन ने यह जानकारी दी है। आईआरईएफ के अनुसार, ईरान लंबे समय से भारतीय बासमती चावल का सबसे बड़ा आयातक रहा है लेकिन मौजूदा आंतरिक अस्थिरता के चलते वहां से आने वाले ऑर्डर, भुगतान चक्र और निर्यात प्रवाह पर दबाव बढ़ गया है। इसका असर अब भारतीय मंडियों में साफ तौर पर दिख रहा है। बीते एक सप्ताह में ही बासमती की प्रमुख किस्मों की कीमतों में 5 रुपए प्रति किलोग्राम तक की गिरावट आई है।

# भारत ने संभाली ब्रिक्स 2026 की कमान

### विदेश मंत्री ने लॉन्च किये आधिकारिक लोगो व वेबसाइट

(एजेंसी) नयी दिल्ली। भारत ने मंगलवार को 10 देशों के समूह श्ब्रिक्सश की अध्यक्षता औपचारिक रूप से संभालते हुए वर्ष 2026 के लिए आधिकारिक लोगो और वेबसाइट लॉन्च की। इस वर्ष के अंत में भारत 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कमल के आकार वाले लोगो और वेबसाइट का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत अपनी अध्यक्षता और इस लोगो के माध्यम से मानवता प्रथम और जन–केंद्रित दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान भारत का प्रयास ब्रिक्स देशों की क्षमता को वैश्विक कल्याण के लिए एकजुट करना होगा। डॉ. जयशंकर ने कहा, जब भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालने की तैयारी कर रहा है, तो यह इस समूह की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा कि 2026 में ब्रिक्स अपनी स्थापना के 20 वर्ष पूरे कर लेगा। इन वर्षों में यह समूह उभरते





बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा, बीते सालों में ब्रिक्स ने बदलती वैश्विक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अपने एजेंडे और सदस्यता का विस्तार किया है। साथ ही आम जनता को केंद्र में रखने वाला विकास इस समूह की प्राथमिकता रहा है, जिससे बातचीत और व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा मिला है। डॉ जयशंकर ने कहा कि वर्तमान वैश्विक वातावरण जटिल और परस्पर जुड़ी चुनौतियों, भू–राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक विषमताओं, जलवायु जोखिमों और तकनीकी परिवर्तनों से घिरा है। ऐसे में ब्रिक्स एक महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है जो अलग–अलग समय पर अलग–अलग देशों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए संवाद, सहयोग और व्यावहारिक समाधानों को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने लोगो की विशेषता बताते हुए कहा कि इसमें परंपरा और आधुनिकता का समावेश है। इसकी पंखुड़ियों में सभी ब्रिक्स सदस्य देशों के झंडों के रंग शामिल हैं, जो विविधता में एकता और साझा उद्देश्य की भावना को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि यह लोगो इस बात का प्रतीक है कि जहां ब्रिक्स की ताकत उसके सदस्यों के साझे योगदान से आती है, वहीं उनकी निजी पहचान का भी सम्मान किया जाता है। भारत ने ब्रिक्स की परिवर्ती (बारी–बारी से मिलने वाली) अध्यक्षता ब्राजील से ग्रहण की है। भारत इस दौरान वैश्विक दक्षिणी देशों (विकासशील देशों) के सहयोग, समावेशी शासन और नवाचार पर जोर देगा। जी–20 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के बाद, भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता को भी व्यापक स्तर पर आयोजित करने की योजना बना रहा है। इसके तहत देश के 60 शहरों में साल भर में 100 से अधिक बैठकें आयोजित की जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही ब्रिक्स को षबिल्डिंग रेजिलिएंस एंड इनोवेशन फॉर कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी के रूप में परिभाषित करने का सुझाव दिया है। भारत की अध्यक्षता में होने वाले 18वें शिखर सम्मेलन की प्राथमिकताओं में स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देना, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, एआई नीत प्रशासन, अंतरिक्ष अन्वेषण और आतंकवाद विरोधी वैश्विक रणनीति बनाना शामिल रहने की संभावना है। रियो डी जनेरियो में जुलाई 2025 में 17वें शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के बाद ब्राजील ने यह मेजबानी भारत के सुपुर्द की है। शिखर सम्मेलन से पहले सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों, वित्त मंत्रियों, वाणिज्य मंत्रियों और ऊर्जा मंत्रियों के स्तर पर कई मंत्रिस्तरीय बैठकें आयोजित की जाएंगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 17। की वैधता पर सुनाया खंडित फैसला, जानें जजों की राय

(एजेंसी) नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने लोकसेवकों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच शुरू करने से पहले अनुमति लेने से संबंधित, भ्रष्टाचार रोधी कानून की 2018 की धारा की संवैधानिक वैधता पर मंगलवार को खंडित निर्णय सुनाया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए असंवैधानिक है और इसे रद्द किया जाना चाहिए जबकि न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन ने धारा को संवैधानिक मानते हुए ईमानदार अधिकारियों की सुरक्षा की जरूरत पर जोर दिया। साल 2018 में जोड़ी गई भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए के तहत सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना किसी लोकसेवक पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। उच्चतम न्यायालय ने गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' (सीपीआईएल) की जनहित



याचिका (पीआईएल) पर यह निर्णय सुनाया है, जिसमें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संशोधित धारा 17ए की वैधता को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि पूर्वानुमति की आवश्यकता भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विरुद्ध हैय इससे जांच में रुकावट आती है और भ्रष्ट अधिकारियों को बचने का मौका मिल जाता है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने कहा, "धारा 17ए असंवैधानिक है और इसे रद्द किया जाना चाहिए। जांच शुरू करने से पहले किसी तरह की पूर्व अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। पूर्व मंजूरी की शर्त अधिनियम के उद्देश्य के खिलाफ है। इससे जांच में रुकावट आ सकती है और ईमानदार अधिकारियों के बजाय भ्रष्ट लोकसेवकों को संरक्षण मिलता है।"वहीं, न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा, "धारा 17ए संवैधानिक रूप से वैध है, बशर्ते मंजूरी देने का फैसला लोकपाल या राज्य का लोकायुक्त करे। इस प्रावधान से ईमानदार अधिकारियों की रक्षा होगी और भ्रष्ट लोगों के लिए सजा सुनिश्चित होगी। इससे प्रशासनिक व्यवस्था में देश की सेवा के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभावान व्यक्तियों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी।" अब यह मामला भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत के समक्ष रखा जाएगा, ताकि एक बड़ी पीठ का गठन कर इस पर अंतिम निर्णय लिया जा सके। पीठ ने कहा, "हमारे अलग–अलग मतों को देखते हुए रजिस्ट्री को निर्देश दिया जाता है कि इस मामले को प्रधान न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए, ताकि उपयुक्त पीठ का गठन करके इससे जुड़े मुद्दों पर नए सिरे से विचार किया जा सके। एनजीओ की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि यह प्रावधान भ्रष्टाचार विरोधी कानून को कमजोर करता है, क्योंकि सरकार से अक्सर मंजूरी नहीं मिलती, जबकि वही इस कानून के तहत 'सक्षम प्राधिकारी' है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत में पक्ष रखा।

## टीएमसी का डिजिटल वार, अभिषेक बनर्जी बोले-बीजेपी के सूचना युद्ध का जवाब दें युवा, बनें बंगाल के डिजिटल योद्धा!

(एजेंसी) कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के बहुआयामी, लगातार और सोचे–समझेष हमले का मुकाबला करने के लिए एक आक्रामक, समन्वित डिजिटल अभियान चलाने का आह्वान किया है और युवाओं से इस तरह के श्सूचना युद्ध में राज्य के अग्रिम पंक्ति के रक्षक बनने की अपील की। तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने एबीडीजे कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा लोकतांत्रिक संस्थानों का राजनीतिकरण कर रही है और सोशल मीडिया ट्रोल सेनाओं तथा षगोदी मीडिया के एक आज्ञाकारी वर्ग के माध्यम से बंगाल के खिलाफ लगातार बदनामी अभियान चला रही है। अभिषेक बनर्जी ने कहा, आज लोकतांत्रिक संस्थानों का राजनीतिकरण हो गया है। उन्हें बंगाल को बदनाम करने और राष्ट्रीय दर्शकों के सामने हमारी उपलब्धियों को बदनाम करने के एक ही एजेंडे के उपकरणों में बदल दिया गया है। बंगाल पर भाजपा का हमला लगातार और सोची–समझी रणनीति के तहत है। हमारी प्रतिक्रिया भी उतनी ही व्यापक, समन्वित और जोरदार होनी चाहिए। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि लापरवाही महंगी पड़ सकती है। उन्होंने डिजिटल स्पेस को असुरक्षित छोड़ने के खिलाफ चेतावनी देते हुए तर्क दिया कि अनियंत्रित गलत सूचना जनमत पर अपरिवर्तनीय रूप से गंभीर असर डाल सकती है और उस उपलब्धि को कमजोर कर सकती है जिसे हमने इतनी मेहनत से वापस पाने के लिए संघर्ष किया है। इसलिए बंगाल के युवाओं को अब यह जिम्मेदारी लेनी होगी। एबीडीजे कॉन्क्लेव ने मुझे अपार गर्व और आशा से भर दिया। हजारों डिजिटल योद्धा एक साथ आए। सीखने के लिए उत्सुक, अपने कौशल को तेज करने के लिए उत्सुक, और बंगाल की सच्चाई की रक्षा करने के लिए तैयार। अभिषेक बनर्जी ने अपने व्हाट्सएप चौनल पर कहा कि कॉन्क्लेव में प्रतिभागियों ने सोशल मीडिया रणनीति, विकसित हो रहे





कंटेंट निर्माण, तथ्य–जांच, बातों को कहने की शैली पर नियंत्रण और गलत सूचना का मुकाबला करने पर विशेषज्ञ– नेतृत्व वाले सत्रों में भाग लिया, जो पार्टी के राजनीतिक युद्ध में डिजिटल बढ़ते फोकस को दर्शाता है। युवा स्वयंसेवकों को बंगाल का डिजिटल बैरिकेड करार देते हुए श्री बनर्जी ने 100–दिवसीय कार्य योजना प्रस्तुत की, जिसमें अनुशासन, निरंतरता और मापने योग्य परिणामों का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा, अगले 100 दिनों के लिए उन्हें अपना सब कुछ देना होगा। पांच–दिवसीय लक्ष्य निर्धारित करें, प्रगति को सख्ती से ट्रैक करें और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सफलता जन प्रतिनिधियों, बूथ–स्तरीय कार्यकर्ताओं और डिजिटल स्वयंसेवकों के बीच घनिष्ठ समन्वय पर निर्भर करेगी। उन्होंने कहा, जब वे सहज समन्वय में काम करते हैं, तो कोई भी पहाड़ बहुत ऊंचा नहीं होता और कोई भी प्रचार बहुत मजबूत नहीं होता।

# सम्पादकीय

## खरमास ख़त्म होने के इंतज़ार में बिहार के राजनीतिक दल

बिहार की सियासत में एक बड़ा बदलाव जल्द देखने को मिल सकता है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में एंट्री को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने इस मुद्दे पर बड़ा संकेत देते हुए कहा कि यह निशांत कुमार के राजनीति में आने का सही वक्त है। उन्होंने कहा कि पार्टी को हाल ही में बिहार की जनता से भारी जनादेश मिला है और ऐसे समय में एक पढ़ा–लिखा नौजवान पार्टी से जुड़े, तो इससे संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। बहरहाल, वहीं दूसरी ओर खरमास की अवधि खत्म होते ही बिहार की राजनीति में एक बार फिर संगठनात्मक गतिविधियां तेज़ होने जा रही हैं। सत्ताधारी दल हों या विपक्ष, लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियां अपने–अपने संगठन को मज़बूत करने की तैयारी में जुट गई हैं। आने वाले हतों में भाजपा, जदयू और राजद में फेरबदल, नई नियुक्तियां और संगठन विस्तार की तस्वीर साफ दिखाई देने लगेगी। बिहार की राजनीति में संगठन की भूमिका हमेशा से अहम रही है। यहां चुनाव सिर्फ बड़े नेताओं के भाषणों से नहीं जीते जाते, बल्कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता, पंचायत और प्रखंड इकाइयों की सक्रियता ही असली ताकत बनती है। यही वजह है कि चुनाव से पहले हर पार्टी संगठन को दुरुस्त करने में पूरी ताकत झोंक देती है। खरमास के दौरान राजनीतिक गतिविधियां आमतौर पर धीमी रहती हैं, लेकिन इसके बाद बैठकों, नियुक्तियों और अभियानों का दौर शुरू हो जाता है। भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पार्टी ने हाल ही में संजय सरावगी को बिहार भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। अब खरमास के बाद उनकी सबसे बड़ी चुनौती होगी। अपनी पूरी टीम तैयार करना। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, नए प्रदेश अध्यक्ष संगठन में ताज़गी लाने के लिए कई स्तरों पर बदलाव कर सकते हैं। जैसे प्रदेश पदाधिकारियों की नई सूची, कई जिलों में नए जिलाध्यक्ष और मंडल और बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को ज़िम्मेदारी देने की चर्चा है। पार्टी नेतृत्व चाहता है कि संगठन में युवा चेहरे और ज़मीनी कार्यकर्ताओं को आगे लाया जाए। साथ ही, जातीय और क्षेत्रीय संतुलन का भी ध्यान रखा जाएगा, ताकि हर इलाके और वर्ग को प्रतिनिधित्व मिल सके। भाजपा के अंदर यह भी चर्चा है कि नए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन को ज़्यादा अनुशासित और सक्रिय बनाया जाएगा. कमजोर जिलों की पहचान कर वहां विशेष ध्यान दिया जाएगा। पार्टी का मानना है कि मज़बूत संगठन ही सरकार और गठबंधन की सबसे बड़ी ताकत है। वहीं अगर जनता दल यू की बात की जाए तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल इस समय सदस्यता अभियान पर खास ध्यान दे रही है। पार्टी का लक्ष्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन से जोड़ा जाए और पुराने कार्यकर्ताओं को फिर से सक्रिय किया जाए। जदयू नेताओं का कहना है कि यह अभियान सिर्फ संख्या बढ़ाने के लिए नहीं है। इसके ज़रिये पार्टी पंचायत स्तर तक संगठन को मज़बूत करना चाहती है, नए सामाजिक समूहों को जोड़ना चाहती है और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की कमी दूर करना चाहती है। पार्टी का मानना है कि सरकार में रहते हुए संगठन को मज़बूत रखना और भी ज़रूरी हो जाता है। सूत्रों के मुताबिक, सदस्यता अभियान के बाद जदयू में भी कुछ संगठनात्मक फेरबदल हो सकते हैं। जिला और प्रखंड स्तर पर नए पदाधिकारी बनाए जा सकते हैं। इससे पार्टी को ज़मीनी स्तर पर नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल में भी संगठनात्मक बदलाव की तैयारी चल रही है। पार्टी नेतृत्व मानता है कि आने वाले चुनावों में सरकार को चुनौती देने के लिए मजबूत संगठन बेहद ज़रूरी है। राजद इस समय संगठन की समीक्षा कर रही है। राजद कमजोर जिलों में नए प्रभारी, युवा और छात्र संगठनों को सक्रिय करना और ज़मीनी कार्यकर्ताओं को ज़्यादा महत्व देना जैसे कदम उठा की सोच रही है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि कई जगहों पर संगठन सुस्त पड़ा है, जिसे अब सक्रिय किया जाएगा। राजद में बदलाव के दौरान सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन पर भी खास ध्यान दिया जाएगा। पार्टी यह सुनिश्चित करना चाहती है कि हर वर्ग और इलाके को संगठन में उचित जगह मिले. इससे पार्टी का आधार और मज़बूत हो सके। दिलचस्प बात यह है कि सत्ताधारी और विपक्षी दलों की सोच इस मामले में काफ़ी हद तक एक जैसी है। सभी मानते हैं कि चुनाव से पहले संगठन मज़बूत होना चाहिए, कार्यकर्ताओं में जोश और भरोसा होना चाहिए और ज़मीनी स्तर पर पकड़ मज़बूत होनी चाहिए। इसीलिए खरमास के बाद बैठकों, दौरों और अभियानों की संख्या बढ़ेगी। यह संगठनात्मक दौर इस बात का संकेत है कि बिहार की राजनीति अब लंबे चुनावी मोड में प्रवेश कर चुकी है। भले ही चुनाव में अभी समय हो, लेकिन पार्टियां अभी से तैयारी में जुट गई हैं। जिस पार्टी का संगठन ज़्यादा मज़बूत होगा, उसे आने वाले समय में राजनीतिक बढ़त मिलने की संभावना भी उतनी ही ज्यादा होगी। कुल मिलाकर, खरमास के बाद बिहार में संगठनात्मक सियासत एक बार फिर तेज़ होने जा रही है।



नफीस जाफरी

## एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने दो बच्चों को किया रेस्क्यू

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट व श्रम विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से बालश्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा सूचनाओं व सुरागरसी के आधार पर आज थाना रसूलपुर क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर उन्मूलन अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत बालश्रम में संलिप्त कुल 02 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। बालश्रम करने वाले लोगों को नोटिस दिया गया एंव मौके पर बच्चों के परिजन को बुला कर चेतावनी देते हुए बच्चो को सुपुर्द किया गया।

# केसी त्यागी विवाद-जयंत चौधरी ने नीतीश को दिखाया आईना



गुलफिशा खान

जेडीयू के आला सूत्रों के मुताबिक, वरिष्ठ नेता केसी त्यागी का पार्टी में अध्याय अब समाप्त हो गया है। पार्टी प्रवक्ता राजीव रंजन के हालिया बयान से यह साफ हो गया कि जेडीयू का त्यागी से अब कोई संबंध नहीं है। सूत्रों की मानें तो पार्टी से उनकी विदाई हो चुकी है। आईपीएल में बांग्लादेशी खिलाड़ी को हटाने के फैसला हो या फिर 2024 में फिलिस्तीन के मुद्दे पर भारत सरकार से अलग स्टैंड, त्यागी के बयानों ने पार्टी के लिए कई बार असहज स्थिति पैदा की है। माना जा रहा है कि इसी के चलते पार्टी में उन्हें लेकर नाराजगी थी। जनता दल यूनाइटेड के साथ केसी त्यागी लंबे समय से जुड़े रहे हैं। 1970 के दशक में राजनीति का सफर शुरू करने वाले त्यागी पहले भी अपनी पार्टी लाइन से अलग लाइन ले चुके हैं, जिसका खामियाजा भी उन्हें भुगतना पड़ा है. हालांकि सूत्रों के मुताबिक, इस बार त्यागी के बयान से पार्टी के साथ उनका संबंध ही टूट गया है। जहां तक केसी त्यागी का सवाल है तो मालूम हो कि केसी त्यागी का पूरा नाम किशन चंद त्यागी है। त्यागी को एक राजनेता होने के साथ ही विभिन्न मंचों पर अपने विचार रखते रहे हैं। गाजियाबाद में जन्मे त्यागी का राजनीतिक सफर 1970 के दशक से शुरू हुआ और उसके बाद से लगातार जारी है। केसी त्यागी हापुड़ लोकसभा क्षेत्र से 1989 में लोकसभा सांसद बने और राज्यसभा में भी उन्होंने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। उनका राजनीतिक सफर करीब 50 साल का है। 1977– अखिल भारतीय युवा जनता पार्टी के महासचिव। 1980– युवा लोक दल के उपाध्यक्ष। 1989– जनता दल के महासचिव। 1989– उन्होंने हापुड़ लोकसभा सीट से कांग्रेस के बुध प्रिया मौर्य को 33,254 वोटों के अंतर से हराकर संसद सदस्य बने। 1994– समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव। 2003– सेंट्रल वेयरहाउस कॉर्पोरेशन (भारत सरकार का उपक्रम) के अध्यक्ष। 2013–राज्यसभा के लिए निर्वाचित। 2013–जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता। 2013–उद्योग संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष। 2016– तीसरी बार जनता दल यूनाइटेड के मुख्य महासचिव बने। 2023– जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता नियुक्त। 2024– निजी कारणों का हवाला देते हुए राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता पद से इस्तीफा दिया। 2026–केसी त्यागी एक बार फिर अपने बयानों के कारण चर्चा में हैं और सूत्रों के मुताबिक, पार्टी से उनकी छुट्टी हो गई है। वहीं इस बात की चर्चा है कि उनके पुराने संबंधों को देखते हुए फिलहाल औपचारिक कार्रवाई नहीं की जाएगीं राजीव रंजन ने कहा था कि भारत रत्न को लेकर त्यागी का बयान उनकी निजी राय है और पार्टी का इससे कोई लेना–देना नहीं हैं उन्होंने यह भी जोड़ा कि त्यागी जी का जेडीयू के मामलों से अधिक संबंध नहीं हैं वे पार्टी में हैं भी या नहीं, यह कार्यकर्ताओं को भी नहीं पता हैं। मालूम होकि इससे पहले त्यागी ने नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था। राजनीतिक गलियारों में इस कदम को डैमेज कंट्रोल के तौर पर देखा जा रहा था, क्योंकि हाल ही में त्यागी कई विवादों में रहे हैं। केसी त्यागी ने अपने पत्र में लिखा था कि जैसे पिछले साल चौधरी चरण सिंह और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिया गया था, उसी तरह नीतीश कुमार भी इस सम्मान के हकदार हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, बिहार और देश के प्रति नीतीश कुमार की सेवाओं को सम्मान देने का इससे अच्छा कदम नहीं हो सकता। त्यागी ने यह भी तर्क दिया कि जीवित व्यक्ति को भारत रत्न देने के कई उदाहरण हैं। जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, लता मंगेशकर और प्रणब मुखर्जी को यह सम्मान मिला है। इस विवाद के बीच राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्किल डेवलपमेंट मंत्री जयंत चौधरी ने केसी त्यागी का बचाव किया है। जयंत चौधरी ने वर्ल्ड बुक फेयर में के सी त्यागी की नयी किताब – संकट की खेती का लोकार्पण करने के बाद अपने भाषण में कहा, मुझे लगता है कि आपका कनेक्शन फ्रॉम हार्ट तो माउथ है।के सी त्यागी दिल की बात बोलते हैं। उन्हें बर्दाश्त करने के लिए भी बड़ा दिल चाहिए। हर दल को एक केसी त्यागी चाहिए। केसी त्यागी के किताब के लोकार्पण के बाद मीडिया एक्सक्लूसिव बातचीत में जयंत चौधरी ने कहा, के सी त्यागी विचारक हैं, लिखते हैं और उनके पास राजनीति का लंबा अनुभव है...एक्रॉस पार्टी लाइन संपर्क भी है। इसलिए उनके सम्मान में मैंने यह कहा – हर पार्टी में एक के.सी. त्यागी होना चाहिए! भारत एक विचार से नहीं है। भारत की ताकत है हमारी जो विभिन्न विचारधाराए हैं, जीवन शैलियों हैं इसलिए भारत का गुलदस्ता मजबूत है और सुना रहा है। के सी त्यागी उसी का एक प्रतिबंध है, उसी भारतीयता का प्रमाण है। जयंत चौधरी ने आगे बढ़ते हुए कहा – जो राजनीतिक दल खुला संवाद अपने भीतर कर पाते हैं, जहां कार्यकर्ता नेताओं के साथ संवाद कर पाता है, उनकी आलोचना कर सकता है वही राजनीतिक दल असल में लोकतांत्रिक हैं। ये पूछे जाने पर कि कई अहम मुद्दों पर जेडीयू लीडरशिप ने केसी त्यागी के बयानों से अलग कर लिया है, जयंत चौधरी ने मीडिया से कहा, यह ठीक है। लोग भी बदलते हैं। किसी भी व्यक्ति को एक बयान से नहीं नापा जा सकता है, एक किताब में उनको नहीं बांधा जा सकता है।





# बीएमसी चुनाव-उद्धव व राज ठाकरे के दांव से भाजपा में बैचेनी!



फरीद वारसी

बृहन्मुंबई नगर निगम चुनाव के लिए मतदान कल होना है। महाराष्ट्र से आ रही खबरों के अनुसार इस बार का चुनाव शिवसेना बनाम भारतीय जनता पार्टी का माना जा रहा है। हालांकि, दूसरे दल भी इस चुनाव में अपनी जीत का दावा जरूर कर रहे हैं। इस चुनाव को लेकर मीडिया ने शिवसेना (उद्धव) गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि इस बार के चुनाव में मुंबई में उनकी पार्टी का महापौर बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुंबई की जनता इस बार पहले से ही मन बना चुकी है कि शिवसेना (उद्धव) पार्टी से ही महापौर बनाना है। इस खास बातचीत के दौरान उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर चुनाव में हिंदू–मुस्लिम ही किया है। उनके पास काम के नाम पर दिखाने के लिए कुछ नहीं है। जबकि अगर हमारी बात की जाए तो हमने मुंबई की सेवा में काफी कुछ किया है। मैं तो भाजपा वालों से पूछना चाहता हूं कि कोरोना काल में वो क्या कर रहे थे। उन्होंने आम लोगों को मजधार में छोड़ दिया था। भाजपा की नीतिया देश के लिए खतरनाक हैं। भाजपा कई दलों को खत्म करना चाहती है। इस दौरान उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे से गठबंधन को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सबको लगता है कि राज से गठबंधन करना सही नहीं था लेकिन आप मुझसे पूछें तो राज से गठबंधन करने से हमें कोई नकुसान नहीं हुआ है। हमें इसका फायदा ही हुआ है। हमारी छवि को कोई नुकसान नहीं होगा। सारे लोग मुझे जानते हैं। मुंबई में राज ठाकरे ने भी काफी काम किया है। हमने कभी किसी भाषा का विरोध नहीं किया है। कई जगह पर तो सिर्फ शक पर हत्या कर दी जाती है। भाजपा दूध में शक्कर की जगह नमक की तरह काम कर रही है। हम सिर्फ हमारा न्याय मांग रहे हैं। मराठी व्यक्ति कहीं जाकर गुंडागर्दी नहीं करते हैं। बहरहाल, अगर कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि महाराष्ट्र की सियासत में इन दिनों कुछ ऐसा घट रहा है, जिसने राजनीतिक विश्लेषकों को इतिहास की धूल फांकने पर मजबूर कर दिया है। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे, जो लंबे समय तक अलग–अलग दिशाओं में चल रहे थे।आज एक ही मंच से 1960 के संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन की दुहाई दे रहे हैं। पहली नजर में यह केवल एक ऐतिहासिक जिक्र लग सकता है, लेकिन अगर गहराई से देखें तो यह शिवसेना के उस मूल विचार की ओर वापसी है, जिसने 66 साल पहले मुंबई की सड़कों पर संघर्ष की इबारत लिखी थी। यह वापसी बेवजह नहीं है। दरअसल, ठाकरे बंधु आज की राजनीतिक परिस्थितियों और 1960 के उस दौर के बीच एक गहरी समानता देख रहे हैं। उस दौर में मोरारजी देसाई का दौर था, जब डर यह था कि मुंबई को महाराष्ट्र से अलग कर दिया जाएगा। आज, राज और उद्धव इसी डर को नए स्वरूप में पेश कर रहे हैं। उनका तर्क है कि भले ही आज मुंबई को भौगोलिक रूप से अलग न किया जा रहा हो, लेकिन आर्थिक रूप से इसकी आत्मा को गुजरात की ओर मोड़ा जा रहा है। इसी नैरेटिव के साथ वे मराठी मानुष को यह संदेश दे रहे हैं कि 1960 की तरह ही आज भी अस्तित्व की लड़ाई शुरू हो चुकी है। इतिहास और वर्तमान के इसी जुड़ाव से शिवसेना का पुनर्जन्म जुड़ा है। जिस तरह 1960 के आंदोलन के गर्भ से बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना का उदय हुआ था, ठीक वैसे ही 2026 में राज और उद्धव की एकजुटता को एक नई शुरुआत के तौर पर पेश किया जा रहा है। वे जानते हैं कि जब–जब मुंबई पर बाहरी खतरे का शोर बढ़ा है, तब–तब क्षेत्रीय भावनाओं ने राष्ट्रीय दलों के समीकरण बिगाड़े हैं। इसी थ्रेट परसेप्शन यानी खतरे के अहसास को वे एक राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं ताकि छिटक चुका मराठी वोटर वापस अपने घर लौट आए। ठाकरे बंधुओं का तर्क है कि आज फिर वैसी ही स्थिति पैदा हो गई है। उनके नैरेटिव के केंद्र में तीन मुख्य बिंदु हैंः– नेतृत्व का संयोग– 1960 के दौरान मोरारजी देसाई एक शक्तिशाली गुजराती चेहरा थे, जो मुंबई के भविष्य का फैसला कर रहे थे। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में फिर से एक शक्तिशाली गुजराती नेतृत्व केंद्र में है। राज और उद्धव इसी ऐतिहासिक संयोग को भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। उद्योगों का पलायन– राज और उद्धव दोनों ही लगातार आरोप लगा रहे हैं कि मुंबई से बड़े प्रोजेक्ट्स और बिजनेस हेडक्वार्टर (जैसे डायमंड बोर्स और अन्य वित्तीय संस्थान) धीरे–धीरे गुजरात की ओर शिट किए जा रहे हैं। उनका दावा है कि यह मुंबई को आर्थिक रूप से कमजोर करने की साजिश है, ठीक वैसे ही जैसे 1960 में राजनीतिक रूप से अलग करने की कोशिश हुई थी। शिवसेना का पुनर्जन्म– 1960 के आंदोलन ने शिवसेना के जन्म का आधार तैयार किया था। आज जब शिवसेना और मनसे एक तरह से यूनाइटेड फ्रंट के रूप में दिख रहे हैं, तो ठाकरे बंधु इसे शिवसेना के पुनर्जन्म के रूप में पेश कर रहे हैं। लेकिन क्या आज का मराठी वोटर उस पुराने इमोशनल कार्ड के लिए तैयार है? यहाँ कहानी में एक बड़ा ट्विस्ट आता है, जनसंख्या का बदलता गणित। 1960 के दशक में मुंबई की गलियों में मराठी आवाज़ लगभग 46 प्रतिशत थी, जो आज सिमटकर 35 से 40 प्रतिशत के बीच रह गई है। लेकिन ठाकरे बंधुओं का गणित अलग है। वे जानते हैं कि मुंबई की 131 सीटों पर आज भी मराठी वोट ही निर्णायक भूमिका निभाता है। उनका मानना है कि अगर वे इस 40 प्रतिशत वोट बैंक के भीतर संयुक्त महाराष्ट्र जैसी तड़प फिर से पैदा कर दें, तो सत्ता की सीढ़ी चढ़ना मुमकिन है। यही वजह है कि वे न केवल इतिहास की बात कर रहे हैं, बल्कि मराठी साइनबोर्ड से लेकर स्थानीय नौकरियों तक के पुराने जख्मों को फिर से कुरेद रहे हैं। इस तीखे क्षेत्रीय नैरेटिव ने सत्ताधारी गठबंधन, खासकर भाजपा की चिंताएं बढ़ा दी हैं। भाजपा इसे सिरे से खारिज करते हुए विकास का दांव खेल रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का तर्क है कि आज का मराठी मानुष 1960 के संघर्ष का सम्मान तो करता है, लेकिन वह भविष्य में ग्लोबल मुंबई का हिस्सा बनना चाहता है, न कि आंदोलनों में उलझना। भाजपा की रणनीति यहां काउंटर–पोलराइजेशन की है–यानी अगर ठाकरे बंधु मराठी वोट एकजुट करते हैं, तो भाजपा अन्य भाषाई समुदायों (गुजराती, उत्तर भारतीय और दक्षिण भारतीय) को विकास के नाम पर एक छतरी के नीचे लाने की कोशिश कर रही है। सारा मुकाबला पुरानी विरासत बनाम नई उम्मीद के बीच आकर टिक गया है। 1960 में प्राथमिकता शराज्य की स्थापना थी, जबकि 2026 में प्राथमिकता रोजगार और आर्थिक नेतृत्व है। पीढ़ी बदल चुकी है, सोच बदल चुकी है और प्राथमिकताएं भी। क्या 1960 का वह क्रांतिकारी जोश आज के डिजिटल और ग्लोबल मराठी युवाओं के दिलों में जगह बना पाएगा? क्या राज और उद्धव की यह जुगलबंदी शिवसेना को उसका पुराना गौरव लौटा पाएगी या फिर भाजपा का विकास आधारित गणित इस क्षेत्रीय लहर को सोख लेगा? मुंबई के समंदर की लहरें इस बार बहुत कुछ नया कहने वाली हैं, और इसका जवाब जल्द ही ईवीएम की पेटियों से निकलने वाला है।







# हर हिस्से में हवा और पानी के प्रदूषण की स्थिति

हरिशंकर व्यास

और भीड़ भेड़ बकरियों वाली हैसियत की है तो उसके साथ ट्रीटमेंट भी वैसा ही है। दो उदाहरण हैं। मध्य प्रदेश में देश के सबसे स्वच्छ शहर का कई बरसों से अवार्ड जीत रहे इंदौर में दूषित पानी पीने से एक दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत हुई। साल का अंत और नए साल की शुरुआत इसी खबर से हुई है। पता नहीं चल पा रहा है कि पीने के पानी की सप्लाई में जहरीला पानी कहां से मिक्स हुआ। लेकिन खबर है कि दो महीने से लोग पानी के दूषित होने की शिकायत कर रहे थे। पानी से बदबू आ रही थी और लोगों की तबियत बिगड़ रही थी। अब खबर है कि पानी में एसिड और बैक्टीरिया की भारी मात्रा मिली है। लेकिन तय मानें कि इसके लिए किसी को जिम्मेदार नहीं माना जाएगा। एकाध लोगों के तबादले होंगे और एकाध लोग निलंबित उसके बाद सब रफा दफा हो जाएगा। दूसरी खबर है कि राजधानी दिल्ली कीए जहां पिछले ढाई महीने से हवा जहरीली बनी हुई है। वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई चार सौ के आसपास है। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री का दावा है कि पिछले आठ साल में सबसे कम कम पीएम 2०5 पिछले साल यानी 2025 में रहा। उनके हिसाब से एक क्यूबिक मीटर में पीएम 2०5 की मात्रा एक सौ के करीब है। सोचेंए भारत सरकार का मानक प्रति क्यूबिक मीटर पीएम 2०5 की मात्रा 60 रखने का है और विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानक 12 का है। लेकिन एक सौ होने को उपलब्धि के तौर पर पेश किया जा रहा है। यह पूरे साल का औसत आंकड़ा है। पिछले ढाई महीने का औसत आंकड़ा तीन सौ से ऊपर का है। यह सिर्फ दिल्ली की बात नहीं है देश के हर हिस्से में हवा और पानी के प्रदूषण की यही स्थिति है। दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में सात से आठ हमेशा भारत के होते हैं। सूची जितनी लंबी होती जाती हैए भारत के शहरों की संख्या उतनी बढ़ती जाती है। ऐसा नहीं है कि भारत के उन शहरों में प्रदूषण हैए जहां उद्योग लगे हैं। बिहार के ऐसे शहरए जहां दूर दूर तक कोई फैक्टरी नहीं है वहां भी एक्यूआई चार सौ से ऊपर है और इसका कारण सिर्फ इतना है कि चारों तरफ धूल मिट्टी फैली है और निर्माण कार्यों से होने वाला प्रदूषण धूल की चादर की तरह फैला हुआ है। किसी भी शहर में नगर निगम को सफाई से कोई लेना देना नहीं है। राजधानी दिल्ली में सैकड़ों टन कूड़ा रोज निकलता हैए जिसका बड़ा हिस्सा सड़कों पर बिखरा रहता है। हर साल सर्दियों में कभी पटाखों पर तो कभी किसानों की पराली पर प्रदूषण का दोष मढ़ दिया जाता है। लेकिन अभी न तो पटाखे चल रहे हैं और न पराली जलाई जा रही है फिर भी एक्यूआई चार सौ के करीब है। ये दो प्रतिनिधि घटनाएं हैंए जो बताती हैं कि भारत में प्रकृति कम आपदा पैदा कर रही है और व्यवस्था ज्यादा आपदा पैदा कर रही है। जहरीला पानी व्यवस्था से उपजी आपदा है तो दिल्ली का प्रदूषण भी व्यवस्था की वजह से है। गाड़ियों के अंधाधुंध रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं। सड़क पर चलने की जगह नहीं है और न किसी के पास गाड़ी खड़ी करने की जगह है। लेकिन गाड़ियां निकल रही हैं और उनके धुएं से देश की हवा प्रदूषित हो रही है। सब्सिडी के बाद भी ईवी गाड़ियों की संख्या नहीं बढ़ रही है लेकिन जीएसटी में कटौती हुई तो पेट्रोल और डीजल गाड़ियों की बेतहाशा बिक्री हुई। देश के अलग अलग हिस्सों में हर साल बारिश के साथ भूस्खलन और हिमस्खलन की घटनाएं हो रही हैं तो यह भी प्रकृति से ज्यादा मानवीय आपदा है। उत्तराखंड में टिहरी में पानी रोकने से बादल फटने की घटनाएं बढ़ी हैं तो पहाड़ों में अंधाधुंध निर्माण और जंगलों की कटाई ने पहाड़ों को कमजोर किया है। दशकों से नदियों की सफाई नहीं होने से सभी नदियों में गाद जमी हैए जिसकी वजह से नदियों में बारिश का पानी नहीं रूकता है और बाढ़ आती है। भारत की भीड़ किस तरह से कुव्यवस्था की गुलाम है इसका सबूत पिछले दिनों मिलाए जब इंडिगो का संकट खड़ा हुआ। एक निजी कंपनी ने सरकार के आदेश का पालन नहीं करने का फैसला किया। उसने जरूरी संख्या में पायलट नहीं भरती किए और जब ड्यूटी के नए नियम लागू हुए तो उसने उड़ानें रद्द करनी शुरू की। उसने एक दिन में एक एक हजार उड़ानें रद्द की। पैसे और रसूख वाले लोग हवाईअड्डों पर भेड़ बकरियों की तरह घूम रहे थे। हजारों लोगों परिवार के साथ कई कई दिन तक हवाईअड्डों पर फंसे रहे तो हजारों लोगों के बैगेज कई दिनों तक नहीं मिले। नागरिक असहाय तो सरकार भी असहाय। सरकार ने कहा कि उड़ानों में 10 फीसदी कटौती करो तो अब खबर आई है कि कंपनी ने किसी बिजी रूट में उड़ानों में कटौती नहीं की है। उसने ऐसे रूट्स में कटौती कर दीए जिसमें यात्री कम होते थे और विमानन कंपनी को घाटा होता था। सोचेंए उसने आपदा को कमाई का अवसर बना लिया। वैसे तो यह संकट एक विमानन कंपनी का था लेकिन पूरी सर्दी सभी विमानन कंपनियों के उड़ानों में देरी हुई क्योंकि भारत के पास कोहरे में विमान लैंड कराने या टेकऑफ कराने की पर्याप्त तकनीक और प्रशिक्षित पायलट नहीं हैं। कोहरे की वजह से ट्रेनें लेट चल रही हैं तो उड़ानों में भी देरी हो रही है। एक्सप्रेस वे पर कोहरे के कारण दुर्घटना हो रही है। गाड़ियां भिड़ रही हैं और उनमें आग लगने से लोगों की मौत हो रही है। कुल मिला कर देश में सामान्य नागरिक सुविधाएं नहीं हैं और लोगों को अपनी जान और सामान की रक्षा स्वंय करनी है। नागरिकों को अपने आप को व्यवस्था से बचाना है। व्यवस्था उन्हें मारने की पूरी कोशिश करेगी।

# ओवरलोड माल वाहनों पर चला चाबुक, 13 ओवरलोड वाहन थानों में निरुद्ध

### – 179 वाहनों के भी विभिन्न अभियोग में भी हुए चालान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लगाये जाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 3033/तीस–3–2025 31 दिसंबर द्वारा 01 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किये जाने के निर्देश के क्रम में आज 13 जनवरी को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तेरहवें दिवस श्याम लाल सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी व वीरेन्द्र नाथ राजभर, यात्री मालकर अधिकारी द्वारा रात–दिन अभियान चलाकर ओवरलोड माल वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 13 ओवरलोड वाहनों को जनपद के विभिन्न थानों में निरूद्ध किया गया। उक्त के अतिरिक्त 36 ओवरस्पीड, 94 बिना हेलमेट, 13 बिना सीटबेल्ट, 27 रांग साइड, 12 वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने एवं अन्य अभियोगों में 33 चालान किये गये।



# खागा नगर की सुरक्षा हेतु आवश्यक निर्णय नो एंट्री व फुटपाथ व्यवस्था

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर में सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक भारी वाहनों की नो एंट्री तत्काल प्रभाव से लागू की जाए। फुटपाथ पर लगी दुकानों को हटाकर उन्हें उचित वैकल्पिक स्थान दिलाया जाए, ताकि फुटपाथ पूरी तरह खाली रह सके और आम नागरिक सुरक्षित आवागमन कर सकें। उपरोक्त कार्रवाई की जिम्मेदारी स्थानीय तहसील प्रशासन द्वारा खागा उपजिलाधिकारी की देखरेख में, नगर पंचायत प्रशासन से सुनिश्चित कराई जाए। रोडवेज बस स्टैंड, मार्ग को लेकर पूर्व में जारी आदेशों का कड़ाई से पालन कराया जाए, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो। यह उल्लेखनीय है कि खागा नगर के सम्मानित अधिवक्ताओं, व्यापार मंडल, पत्रकार बंधुओं एवं जागरूक नागरिकों ने जनहित में एकजुट होकर आवाज उठाई है। मैं सभी का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ और आग्रह करता हूँ कि नगर की सुरक्षा के लिए हम सभी को हर संभव प्रयास करना होगा। यह भी स्मरणीय है कि पड़ोसी नगर बबेरू में वर्षों पूर्व इसी प्रकार की दुर्घटनाओं के बाद नो एंट्री लागू की गई थी, जिससे वहां की यातायात व्यवस्था और जनसुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार हुआ। खागा नगर की जान–माल की सुरक्षा सर्वोपरि है। अब और प्रतीक्षा नहीं, ठोस निर्णय और तत्काल कार्रवाई आवश्यक है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना संख्याः वरि.म.बि.इंजि./चलस्टाक/वि.लो.शेड/कानपुर/2025-26 आर.ई.टी.-10 दिनांकः 10.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता, चल स्टाक, उत्तर मध्य रेलवे, अनवरगंज, कानपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा में आमन्त्रित की जाती है, जो कि निविदा खुलने की तारीख एवं समय तक प्राप्त की जायेंगी। निविदा विवरण निम्न प्रकार हैः

**निविदा सं.:** ELS-CNB-2025-26-RET-10

**कार्य का विवरणः** एडवान्स इन्सपेक्शन सेन्टर फॉर इंस्पेक्शन एण्ड मेन्टीनेन्स एक्टिविटी ऑफ इलैक्ट्रिक लोकोमोटिव एट ई.एल.एस./सी.एन.बी.।

**अनुमानित मूल्य (रु.):** 97,12,529.21 (रुपये सत्तानवे लाख बारह हजार पाँच सौ उन्नतीस एवं ईक्कीस पैसे मात्र)

**बिड सिक्यूरिटी (रु.):** 1,94,300.00 (रुपये एक लाख चौरानवे हजार तीन सौ मात्र)

**कार्य सम्पादन की अवधिः** चौबीस महीने | **निविदा दस्तावेज की कीमत (रु.):** शून्य

**निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** 04.02.2026 & 15:30 hrs.

**नोटः 1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर खुलने की तिथि और समय तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट शेड्यूल पेज पर ही विचारणीय है। दरे तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी डाक्यूमेंट/फॉर्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **5.** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। **6.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **64/26 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**माघ मेला 2026**

॥ माघ मेला प्रयागराज ॥

**आवश्यक सूचना**

**रेल यात्रियों/ श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सहायता हेतु महत्वपूर्ण जानकारी**

**अपने गन्तव्य स्थान की ओर जाने वाली स्पेशल ट्रेन पकड़ने के लिए सम्बन्धित स्टेशन पर ही पहुँचें।**

| दिशा | गाड़ी मिलने का स्टेशन |
|---|---|
| मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, पटना, गया की ओर | प्रयागराज जं. |
| | नैनी जं., प्रयागराज छिवकी |
| मानिकपुर, चित्रकूट, महोबा, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, सतना, जबलपुर की ओर | प्रयागराज जं. |
| | नैनी जं., प्रयागराज छिवकी |
| कानपुर, अलीगढ़, मेरठ, दिल्ली की ओर | प्रयागराज जं., सूबेदारगंज |
| लखनऊ, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, जौनपुर, अयोध्या की ओर | प्रयाग, फाफामऊ जं. |
| वाराणसी, मऊ, गोरखपुर, बलिया की ओर | प्रयागराज रामबाग |
| | झूसी |

**मुख्य स्नान दिवसों पर प्रयागराज जं., सूबेदारगंज, नैनी जं. एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा**

| क्रं.सं. | पर्व का नाम | तिथि | दिन | यातायात प्रतिबंध की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मकर संक्रांति | 15-01-2026 | गुरूवार | दिनांक – 14.01.2026 को 00:00 बजे से |
| 2 | मौनी अमावस्या | 18-01-2026 | रविवार | दिनांक – 20.01.2026 को 24:00 बजे तक |
| 3 | बसन्त पंचमी | 23-01-2026 | शुक्रवार | दिनांक – 22.01.2026 को 00:00 बजे से<br>दिनांक – 25.01.2026 को 24:00 बजे तक |
| 4 | माघी पूर्णिमा | 01-02-2026 | रविवार | दिनांक – 31.01.2026 को 00:00 बजे से<br>दिनांक – 03.02.2026 को 24:00 बजे तक |
| 5 | महाशिवरात्रि | 15-02-2026 | रविवार | दिनांक – 14.02.2026 को 00:00 बजे से<br>दिनांक – 17.02.2026 को 24:00 बजे तक |

रेलवे से सम्बन्धित जानकारी एवं अन्य सहायता हेतु वेबसाइट https://melarailseva.com/digital/ पर जायें या दिया गया QR स्कैन करें।

माघ मेला रेलवे टोल फ्री नंबर **1800 4199 139**

अपना अनारक्षित टिकट स्वयं बनाने हेतु UTS on Mobile App डाउनलोड करें। **UTS on Mobile App** डाउनलोड करने के लिए QR स्कैन करें।

कृपया उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, बिना टिकट यात्रा दंडनीय अपराध है।

**उत्तर मध्य रेलवे** गतिशीलता ही हमारी पहचान

नोट :– तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु संगम क्षेत्र में त्रिवेणी रोड पर आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट काउंटर खाले गये हैं। 68/26 (MG)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाकियू में शामिल हुए रालोद नेता पुनीत

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। युवा संघर्षशील किसान नेता पुनित चौधरी युवा राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष सहारनपुर द्वारा मुजफरनगर में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के आवास पर अपने सैकड़ों साथियों के साथ भारतीय किसान यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। इस सम्बन्ध में पुनित चौधरी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि सभी साथियों को सदस्यता दिलाई गई और सभी ने एकजुट होकर किसान हितों की लड़ाई में भारतीय किसान यूनियन के साथ मजबूती से खड़े रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने सभी किसानों से प्रयागराज



(इलाहाबाद) में आयोजित भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय चिंतन शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। प्रयागराज कुंभ में होने वाला यह राष्ट्रीय चिंतन शिविर किसान आंदोलन की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सदस्यता ग्रहण करने वालो में पुनित चौधरी जिलाध्यक्ष युवा राष्ट्रीय लोकदल सहारनपुर. सुमित चौधरी जिला प्रवक्ता युवा राष्ट्रीय लोकदल सहारनपुर. मनोज त्यागी जिला उपाध्यक्ष युवा राष्ट्रीय लोकदल. तमरेज गौर जिला उपाध्यक्ष युवा राष्ट्रीय लोकदल. सिकंदर चौधरी हलगोया, जरजिस कुमार सिजूड, अंकित चौधरी, मेमा चौधरी, सूंदर राय नानौता, योगेश चौधरी, प्रमोद चौधरी, महेंद्र सिंह, सुखबीर सिंह, विजित त्यागी, हरपाल सिंह, धीर सिंह, अमरीश चौधरी, राजकुमार लंबरदार, बिरजपाल, पिंकी कुमार, ओमबीर सिंह, अजब सिंह, कुलदीप प्रधान, परषोत सिंह, इसम सिंह, नीटू कुमार, अमित कुमार, सोमपाल सिंह, अरविंद कुमार, सोनू कुमार, शयमलाल सिंह,प्रदीप कुमार, राजपाल सिंह आदि लोग साथ रहे।

# हाड़कपा देने वाली ठंड में अटरिया को मिला सिर्फ ठिठुरन का तोहफा

### - कस्बे से अलाव नदारद, तहसील प्रशासन की बेरुखी ने जनता को बेसहारा छोड़ा

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। जिले में कड़ाके की ठंड और शीतलहर ने कहर बरपा रखा है, लेकिन अटरिया कस्बे की जनता के लिए सिधौली तहसील प्रशासन के दावे पूरी तरह हवा–हवाई साबित हो रहे हैं। पारा लगातार गिर रहा है, लेकिन अटरिया कस्बे के महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर प्रशासन द्वारा अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। प्रशासनिक उपेक्षा के चलते आम जनमानस, राहगीर और मजदूर इस जानलेवा ठंड में खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। इन प्रमुख चौराहों पर पसरा सन्नाटा, प्रशासन का अता–पता नहीं अटरिया कस्बे के सबसे व्यस्ततम इलाकों में शुमार रेलवे स्टेशन, बनाऊंगा चौराहा, नील गांव चौराहा और कुँवरपुर चौराहा जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर एक भी अलाव जलता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। ये वो स्थान हैं जहाँ हर दिन हजारों की संख्या में लोग आते–जाते हैं और रात के समय मुसाफिरों को ठंड से बचने के लिए कोई सहारा नहीं मिल रहा है। जनता में भारी आक्रोश क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि तहसील प्रशासन ने कागजों पर तो अलाव की व्यवस्था दुरुस्त दिखाई होगी, लेकिन हकीकत में अटरिया की सड़कों पर लोग ठंड से कांप रहे हैं। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि क्या प्रशासन किसी अनहोनी का इंतजार कर रहा है? कड़ाके की ठंड में तहसील प्रशासन द्वारा साथ छोड़ दिए जाने से अटरिया कस्बे में जबरदस्त रोष व्याप्त है। क्या तहसील प्रशासन को गरीब और बेसहारा लोगों की पीड़ा सुनाई नहीं दे रही? बजट के बावजूद आखिर अटरिया कस्बे के चौराहों तक लकड़ियाँ क्यों नहीं पहुँचीं? क्या कागजी खानापूर्ति ही प्रशासन का असली काम रह गया है? स्थानीय



जनता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस घोर लापरवाही का संज्ञान लें और तत्काल अटरिया कस्बे के सभी मुख्य चौराहों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, ताकि लोगों को इस भीषण ठंड से राहत मिल सके।

# रस्तोगी खाद भंडार का लाइसेंस सस्पेंड, फर्म मालिक पर मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लहरपुर



कोतवाली क्षेत्र में .षि विभाग ने अवैध खाद परिवहन और कालाबाजारी के खिलाफ एक बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है। विभाग ने न केवल संबंधित खाद भंडार का लाइसेंस तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है, बल्कि फर्म संचालक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कराया है। चेकिंग के दौरान धरी गई 75 बोरियों की खेप घटनाक्रम की शुरुआत रविवार शाम को हुई, जब लहरपुर कोतवाली पुलिस नियमित वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रोका गया, जिसमें 75 बोरी खाद लदी हुई थी। जब पुलिस ने चालक से खाद के वैध दस्तावेज और स्टॉक रजिस्टर माँगा, तो वह बगले झांकने लगा। कोई भी वैध कागज न मिलने पर पुलिस ने वाहन को जब्त कर .षि विभाग को सूचित किया। सोमवार को जिला .षि अधिकारी संजीव कुमार के नेतृत्व में टीम ने जब पिकअप चालक से कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने इस अवैध स्टॉक का संबंध मेहंदीपुरवा स्थित रस्तोगी खाद भंडार से बताया। इसके बाद टीम ने तत्काल उक्त दुकान और गोदाम पर छापेमारी की। ई–पॉश मशीन और भौतिक सत्यापन के दौरान 78 बोरियों का भारी अंतर पाया गया। बिना किसी वैध प्रपत्र के खाद को एक स्थान से दूसरे स्थान पर खपाने की कोशिश की जा रही थी। लाइसेंस रद्द और कानूनी कार्रवाई जिला .षि अधिकारी ने अनियमितता की पुष्टि होते ही रस्तोगी खाद भंडार का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही फर्म के प्रोपराइटर राकेश रस्तोगी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम और उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। अधिकारियों की चेतावनी जिला .षि अधिकारी संजीव कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि किसानों के हक पर डाका डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। खाद की कालाबाजारी, अवैध भंडारण या बिना दस्तावेजों के परिवहन करने वालों के खिलाफ जेल भेजने की कार्रवाई जारी रहेगी। इस बड़ी कार्रवाई के बाद क्षेत्र के खाद विक्रेताओं और कालाबाजारी करने वाले सिंडिकेट में हड़कंप मचा हुआ है।

# कुत्तों की संख्या में नियंत्रण लगाने को लेकर योगी सरकार गंभीर

### - जिले में आवारा कुत्तों को पकड़कर की जाएगी नसबंदी
### - नगर पालिका द्वारा एबीसी सेंटर को बनाने का कार्य प्रारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। आवारा कुत्तों की संख्या में नियंत्रण लगाने को लेकर योगी सरकार गंभीर है और बांदा में अगले एक महीने में आवारा कुत्तों को पड़कर नसबंदी की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। नगर पालिका द्वारा एबीसी सेंटर को बनाने का काम किया जा रहा है और नगर पालिका के आंकड़ों के मुताबिक शहर में 1610 आवारा कुत्ते सड़कों पर घूम रहा है। वहीं कुत्तों को पकड़ने के लिए 20 डॉग कैनल नगर पालिका मंगवाने जा रही है। वही नगर पालिका मंडल की पहली ऐसी नगर पालिका होगी जहां पर एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर बनाया जा रहा है। जर्जर पड़े स्लाटर हाउस के भवन को बनाया जा रहा एबीसी सेंटर शहर की कहीं पर इलाके में जर्जर पड़े निष्प्रयोग स्लॉटर हाउस के भवन को नगर पालिका द्वारा एबीसी सेंटर बनवाया जा रहा है। जिसे एक महीने में बनवाकर चालू कर दिया जाएगा और यहां पर सड़कों पर घूमने वाले आवारा कुत्तों को पकड़ कर लाया जाएगा। जहां पर कुत्तों की नसबंदी की जाएगी वहीं इनके टेस्टीज निकाल दिए जाएंगे। वहीं कुत्तों का स्वभाव सामान्य होने के बाद उन्हें पुनः उन्हीं के इलाकों में छोड़ दिया जाएगा जहां से पड़कर उनको लाया गया



था। नगर पालिका की टीम 20 डॉग कैनल के जरिए कुत्तों को पकड़ेगी और फिर उन सभी कैंनलों को एबीसी सेंटर में लाया जाएगा और उन कैनल के अंदर कुत्ते रखे जाएंगे। टेंडर की प्रक्रिया हुई पूरी, जल्द जारी होगा वर्क आर्डर नगर पालिका बांदा की अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू ने बताया कि आवारा कुत्तों के द्वारा लोगों पर हमला करने की घटनाएं आए दिन संज्ञान में आती है। जिसको लेकर हम शहर के खाईपार इलाके में स्थित पुराने निष्प्रयोज्य स्लाटर हाउस को राज्यवित्त से 10 लाख रुपए की लागत से एबीसी सेंटर बनाने जा रहे हैं। जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है और इसका टेंडर भी हो गया है और जल्द ही वर्क आर्डर जारी कर दिया जाएगा और अगले एक महीने में एबीसी सेंटर को बनवा दिया जाएगा। वहीं 6 लाख रुपये के 20 डॉग कैनल मंगवाये जा रहे हैं। जिसके बाद आवारा कुत्तों को पड़कर यहां लाया जाएगा और उनकी नसबंदी की जाएगी। जिससे आवारा कुत्तों की बढ़ रही संख्या में लगाम लगेगी।

# गैंगस्टर एक्ट में दो शातिर माफिया दोषी भेजे जेल

न्यूज वाणी ब्यूरो /बांदा। उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 (गैंगस्टर एक्ट) के अंतर्गत कुख्यात अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर कोर्ट ने दो शातिर माफियाओं को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को 07–07 वर्ष के कठोर कारावास तथा 5000–5000 के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में दोनों को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सजा सुनाए जाने के बाद दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध सजायबी वारंट जारी कर उन्हें कारागार भेज दिया गया। विशेष लोक अभियोजक (गैंगस्टर एक्ट) सौरभ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना कोतवाली नगर, जनपद बांदा के प्रभारी निरीक्षक विवेकानंद तिवारी द्वारा दिनांक 10 अक्टूबर 2011 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अभियुक्त जावेद उर्फ बुद्धू पुत्र जाकिर अली, निवासी लोहार तलैया तथा असलम पुत्र बाबू हनीफ, निवासी खाई पार, थाना कोतवाली नगर, बांदा के विरुद्ध मु0अ0सं0 918/2011, धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजी.त किया गया था। अभियोजन के अनुसार अभियुक्तों का एक संगठित आपराधिक गिरोह है, जिसका सरगना जावेद उर्फ बुद्धू है जबकि असलम उसका सक्रिय सदस्य है। यह गिरोह अवैध असलहों के बल पर हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, चोरी एवं राहजनी जैसे संगीन अपराधों को अंजाम देकर अवैध धन अर्जित करता रहा है। जावेद उर्फ बुद्धू के विरुद्ध 05 से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे, जबकि असलम के विरुद्ध 04 संगीन मुकदमे पहले से दर्ज हैं। गैंगस्टर एक्ट के इस मुकदमे की विवेचना निरीक्षक हवलदार सिंह द्वारा की गई। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 04 गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रभावी पैरवी, साक्ष्यों के गहन अवलोकन एवं ठोस अभियोजन के आधार पर अपर सत्र विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर कोर्ट) एडीजे प्रदीप कुमार मिश्रा ने दोनों अभियुक्तों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक सौरभ सिंह ने बताया कि वर्ष 2011 में इस गिरोह ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या की थी, जिसका मुकदमा अभी न्यायालय में विचाराधीन है। इन अपराधियों के आतंक के कारण आसपास के जनपदों में दहशत का माहौल था और भयवश कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने या गवाही देने का साहस नहीं कर पाता था। मुकदमे के वादी द्वारा अभियुक्तों का गैंग चार्ट तैयार कर जिलाधिकारी से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। न्यायालय ने अपने आदेश में इन अपराधियों को दुर्दांत, शातिर और समाज के लिए अत्यंत खतरनाक करार दिया।

# 21 ओवरलोड लकड़ी व मौरंग लदे ट्रक पकड़े

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। लहरपुर क्षेत्र में तहसील प्रशासन के द्वारा अवैध रूप से संचालित ओवरलोड लकड़ी मौरंग व गिट्टी बालू की ट्रैक्टर



ट्राली पर बड़ी कार्यवाही की गई है। लहरपुर उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम के नेतृत्व में तहसीलदार मनीष त्रिपाठी के द्वारा राजस्व टीम के साथ कार्यवाही करते हुए लगभग 21 ओवरलोड वाहनों को जब्त किया गया है। इस बड़ी कार्यवाही के बाद लकड़ी व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है और लगातार संबंधित अधिकारियों का तहसील कार्यालय पर आने जाने का सिलसिला लगातार जारी है लहरपुर वन क्षेत्राधिकारि अभिषेक सिंह व जीएसटी विभाग समेत अन्य अधिकारी तहसील कार्यालय पहुंचकर कार्यवाही की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में जुटे हुए हैं हालांकि अभी तक तहसीलदार का कोई पक्ष सामने नहीं आ सका है लेकिन जीएसटी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बिल व आवश्यक प्रपत्र ना होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# राजकीय इण्टर कालेज में हुआ वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो/सीतापुर। मंगलवार को एक दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय इण्टर कालेज में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी पुलिस, अभिषेक कुमार, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी, संजीव कुमार सिंह और आरएमपी डिग्री कॉलेज के सहायक आचार्य, डॉ. सुमित कुमार सिंह के द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में बैडमिंटन, कबड्डी, 100 मीटर रेस, रस्साकस्सी, बोरा रेस और म्यूजिकल चेयर रेस में कॉलेज के कक्षा 06 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इन सभी विद्यार्थियों को चार हाउसों में शिवालिक, अरावली, नीलगिरी और उदयगिरी में विभाजित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में शिवालिक हाउस प्रथम स्थान और नीलगिरी हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। बैडमिंटन प्रतियोगिता में अरावली हाउस ने प्रथम और द्वितीय स्थान पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में ओवरऑल चौंपियन बन शिवालिक हाउस ने प्रथम स्थान और अरावली हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन जिला क्रीड़ा सचिव अवधेश नंदन पांडेय ने किया। निर्णायकों के रूप में पवन कुमार, अवनीश कुमार सिंह, विवेक कुमार शुक्ल, डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी और दीप कुमार वर्मा ने अपना योगदान दिया। इस अवसर पर राजकीय इण्टर कालेज के दोनों उप प्रधानाचार्य, डॉ. नरेंद्र सिंह, फूल चंद्र, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी मो. इमरान, शादाब, शादाब आलम और पूरा स्टाफ मौजूद रहा। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार के द्वारा उपस्थित सभी खिलाड़ियों, निर्णायकों और अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



# गुरुद्वारे श्री गुरु सिंह सभा में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

### - बुवाई के मौसम के अंत व एक नए कृषि चक्र की शुरुआत का प्रतीक है पर्व

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। शहर के रेल बाजार स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में मंगलवार की षाम लोहड़ी का पर्व श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाया गया। लोहड़ी भारत में सबसे ज्यादा मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है। खास तौर पर देश के उत्तरी भागों में। यह कठोर सर्दियों के अंत का प्रतीक है और आने वाले बसंत के लंबे, धूप वाले दिनों का स्वागत करता है। लोहड़ी का त्योहार भव्य और जीवंत बना हुआ है। शाम को लोग अलाव जलाकर लोकगीत गाते हैं। भांगड़ा और गिद्दा जैसे पारंपरिक नृत्य करते हैं और गुड़ रेवड़ी बांटते हैं। तिल, गुड़, पॉपकॉर्न



और मूंगफली जैसी चीज़ों को आभार के तौर पर अग्नि में डाला जाता है। इस अवसर पर मक्के की रोटी, सरसों का साग, तिल के लड्डू, गज्जक और रेवड़ी तैयार किए जाते हैं। नवजात शिशुओं और नवविवाहितों वाले परिवारों के लिए लोहड़ी का विशेष महत्व होता है, शिशु या विवाहित जोड़े के लिए पहली लोहड़ी विस्तृत अनुष्ठानों, आशीर्वाद और समारोहों के साथ मनाई जाती है। परिवार नए सदस्यों के लिए समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशी की कामना करते हैं, लोहड़ी किसानों के लिए विशेष रूप से सार्थक है, क्योंकि यह गेहूं, गन्ना और सरसों जैसी रबी फसलों की कटाई का मौसम है, बुवाई के मौसम के अंत और एक नए .षि चक्र की शुरुआत का भी प्रतीक है। .षि से परे, यह त्योहार समुदायों को प्र.ति के प्रति आभार व्यक्त करने और समृद्धि और उर्वरता के लिए आशीर्वाद मांगने के लिए एक साथ लाता है। कई लोगों के लिए, यह परिवार और सांप्रदायिक सद्भाव के महत्व की याद दिलाता है। लोहड़ी का सह संयोजक प्रधान सेवक नरेंदर सिंह की अगुवाई में मनाया गया। इस मौके पर जतिंदर पाल सिंह, परमजीत सिंह, उपप्रधान नरेंद्र सिंह रिंकू, गुरमीत सिंह, परमिंदर सिंह, हरमंगल सिंह, वरिंदर सिंह, मंजीत सिंह व महिलाओं में हरजीत कौर हरविंदर कौर, मंजीत कौर, वरिंदर कौर, खुशी, गगनवीर सिंह उपस्थित रहे।


फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

**फैसल चश्में वाले**

**(साइन्टिफिक आप्टीशियन)**

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

**(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)**

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

**फैसल चश्में वाले**

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P | हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213 | एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# वीबी जी राम जी योजना के तहत ग्रामीणों को मिलेगी रोजगार की गारंटी : योगेन्द्र

फोटो परिचय–2

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा सर्किट हाउस दबरई पर आयोजित विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) कानून, विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट उच्च शिक्षा मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण कानून विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान के अंतर्गत जी राम जी कानून के माध्यम से पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी व्यवस्था स्थापित कर विकसित गाँव विकसित भारत की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ाया गया है। विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन–ग्रामीण (वीबी–जी रामजी) के निमित्त मुझे कहते हुए गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य हो रहा है। इस योजना के जरिए सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों और गांवों में गरीबों, महिलाओं, युवाओं और कमजोर वर्ग की आजीविका के स्थायी स्रोत विकसित किए जाएंगे। श्रमिक भाइयों को 125 दिन रोजगार




की गारंटी तो वीबी–जी रामजी योजना के तहत है ही, 60 दिन खेतों में मजदूरी के लिए भी मिल जाएंगे। ऐसे में श्रमिक भाइयों को 185 दिन का रोजगार गांवों में ही मिल सकेगा। नई योजना में गांवों के विकास के हिसाब से योजना बनाकर भी कार्य किए जाएंगे। विकसित भारत जी राम जी पर विपक्ष केवल भ्रम फैला रहा है। सच तो यह है कि भ्रष्ट नेताओं को इस योजना की पारदर्शिता से परेशानी हो रही है। जी राम जी केवल एक नाम नहीं, बल्कि गांवों के समग्र विकास और 125 दिन के रोजगार का पक्का संकल्प है। विपक्ष की विकास विरोधी नीयत को जनता अब भली–भांति जान चुकी है। मनरेगा में भ्रष्टाचार का खेल होता था अब बंद होगा। हर पंचायत में ठेकेदार प्रथा पर रोक और जी राम जी योजना के तहत मजदूरों को उनका पूरा हक मिलेगा। पारदर्शिता, जवाबदेही और समय पर भुगतान, यही सुशासन है। विकसित भारत के लिए विकसित गांव, मोदी सरकार की प्राथमिकता! विकसित भारत–रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण के तहत ग्रामीण परिवारों के लिए 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिनों तक का रोजगार सुनिश्चित किया गया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में टपोपज श्रमिकों के हित में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। विपक्ष इसके बारे में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहा है, जबकि सत्य यह है कि यह विधेयक पुराने ढाँचों से आगे बढ़कर श्रमिकों को 125 दिनों के काम की कानूनी गारंटी, समय पर मजदूरी और देरी की स्थिति में अतिरिक्त भुगतान का अधिकार देता है। डिजिटल इंडिया के संकल्प के अनुरूप यह बिल पारदर्शी, तकनीक–सक्षम और भरोसेमंद प्रणाली के माध्यम से श्रमिकों की राशि को सुरक्षित करता है तथा 25: तक अधिक रोजगार अवसर सृजित करता है। 1.51 लाख करोड़ से अधिक के प्रावधान के साथ यह कानून विकसित गांव विकसित भारत के संकल्प को जमीन पर उतारने की ठोस गारंटी है। यह विधेयक गरीब, श्रमिक और गांव के साथ खड़ा है और यही नया भारत है, जो वादों नहीं, अधिकारों की बात करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह पहल गरीब कल्याण, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रयास से ग्रामीण परिवारों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे, स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और देश को विकसित राष्ट्र बनाने की यात्रा को नई गति मिलेगी। ग्रामीण विकास का नया संकल्प, रोजगार की नई गारंटी विकसित भारत– रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) के तहत जल संरक्षण, सिंचाई, भंडारण, ग्रामीण हाट और आजीविका से जुड़ी परिसंपत्तियों का सृजन किया जाएगा। इन प्रयासों से .षि उत्पादकता में वृद्धि, मूल्य संवर्धन को बढ़ावा तथा किसानों की आय में वृद्धि के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आजीविका के अवसरों को सशक्त आधार मिलेगा। विकसित भारत–जी राम जी कानून के अंतर्गत श्रमिकों को अच्छा मानदेय प्राप्त होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में नाली, सड़क, खेल का मैदान जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में मदद मिलेगी। इस दौरान रूप से ब्रज बहादुर भारद्वाज प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी भाजपा, मनीष असीजा विधायक, उदय प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा, सतीश दिवाकर महानगर अध्यक्ष भाजपा, देशराज सिंह जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल, ब्रजेश कश्यप जिलाध्यक्ष सोहेल देव भारतीय समाज पार्टी, श्रीनिवास निषाद जिलाध्यक्ष निषाद पार्टी, डॉ अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता मीडिया प्रभारी, हरिओम यादव पूर्व विधायक, अतुल प्रताप सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, सुशील चक, शिवशंकर शर्मा, आकाश शर्मा, डॉ इन्द्र पाल गुर्जर, आकाश गुप्ता, गोपाल .ष्ण सिंह, राघवेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, महेन्द्र द्विवेदी, सतीश चंद्र प्रजापति, महिपाल निषाद, अवनीश गुप्ता, शैलेंद्र सिंह आदि रहे।

## गणित विषय के वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कराएं प्रतिभाग

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार की सहमति एवं निर्देशन में विज्ञान लोकप्रियकरण संचार कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय गणित दिवस पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डी आर इंटर कॉलेज माधौगंज, शिकोहाबाद में 16 जनवरी 2025 को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। डीआईओएस धीरेंद्र कुमार ने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपने विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को 16 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे डी आर इंटर कॉलेज, माधौगंज शिकोहाबाद में अपने मार्गदर्शक शिक्षक के साथ प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य विषय राष्ट्रीय गणित दिवस है। जिसमें गणित विषय पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम, गणित मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर प्रतियोगिता, विज्ञान शपथ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध किया है कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को समय से प्रतिभाग कराकर उनके वैज्ञानिक .ष्टिकोण में वृद्धि करें। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

## कलर्स के महादेव एंड संस का पारिवारिक माहौल लेकर आए शक्ति आनंद

न्यूज वाणी ब्यूरो

ताहिर हाशमी / रशीद हुसैन

लखनऊ। महादेव एंड संस हर सोमवार से शुक्रवार रात 9.30 बजे, सिर्फ कलर्स और जियोहॉटस्टार पर टेली कास्ट होने वाले प्रोग्राम का आगाज आज राजधानी स्थित एक होटल में हुआ। जिसमें नवाबों के शहर लखनऊ में शक्ति आनंद, स्नेहा वाघ और मानसी साल्वी का, प्रोड्यूसर सौरभ तिवारी के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वह कलर्स के नए फैमिली ड्रामा महादेव



एंड संस के प्रमोशन के लिए लखनऊ आए थे। जिसकी कहानी उत्तर प्रदेश के हरदोई पर आधारित है। कुछ रिश्ते मिसाल बन जाते हैं... और कुछ मिसालों का बोझ बनकर रह जाते हैं। प्रीमियर के बाद से ही दर्शकों का दिल जीत रही यह कहानी महादेव (शक्ति आनंद) के असाधारण उदय की पृष्ठभूमि पर आधारित है. जो एक अनाथ था और बाजपेयी परिवार में नौकर के रूप में आया। इसके बाद वह संघर्ष के दम पर शहर के सबसे सम्मानित और अमीर आदमियों में से एक बन गया। वह धीरे–धीरे एक घनिष्ठ, खुशहाल परिवार में बदल जाता है.जहाँ दिन एक साथ भोजन, मंदिर दर्शन, समारोहों और अनकही रस्मों के साथ शुरू और खत्म होते हैं, जो उन्हें एक साथ बांधते हैं। महादेव सिर्फ परिवार का मुखिया नहीं है, बल्कि एक प्यार करने वाला पति और परिवार के हर घटनाक्रम में सहभागी होने वाला गौरवान्वित पिता (तीन बेटों और दो बेटियों का) भी है, जो मानता है कि परिवार को एक साथ काम करना चाहिए, पूजा करनी चाहिए और जश्न मनाना चाहिए। महादेव एंड संस के सामने रहने वाली विद्या की बड़ी बहन भानु (मानसी साल्वी) विरोधा में खड़ी है। उसकी अनसुलझी नाराजगी इस दिखने में परफेक्ट दुनिया पर काले साये सा असर डालती है। महादेव एंड संस बनाने वाले प्रोड्यूसर सौरभ तिवारी की परिन मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड जिसका कलर्स के साथ लंबा रिश्ता रहा है.लंबे समय से जुड़ाव रहा है। उनका कहना है, कलर्स पर महादेव एंड संस के साथ नए साल की शुरुआत करना हमारे लिए सम्मान की बात है। मेरे लिए, यह सिर्फ एक शो नहीं है यह मेरी जिंदगी का एक हिस्सा है। मेरा जन्म और पालन–पोषण उत्तर प्रदेश में हुआ और मैंने हरदोई और लखनऊ के आस–पास काफी समय बिताया है। कहानी उन लोगों से प्रेरित है जिन्हें मैंने बड़े होते हुए देखा, उन भावनाओं से जिन्हें मैंने महसूस किया, और उन रिश्तों से जिन्होंने परिवार के बारे में मेरी समझ को आकार दिया। उत्तर प्रदेश की प्यार, वफादारी, प्राइड और टकराव की अपनी एक अलग भाषा है, और मैं उस दुनिया को उसकी असलियत खोए बिना एक नेशनल प्लेटफॉर्म पर लाना चाहता था। शो को वापस यूपी में लाना ऐसा लगता है जैसे कहानी को उसके सही घर–उस मिट्टी में लौटाना जहाँ इसकी नींव रखी गई थी। मुखिया महादेव का किरदार निभा रहे शक्ति आनंद कहते हैं लोगों ने महादेव एंड संस के लिए जिस तरह का प्यार दिखाया है, वह दिल को छूने वाला है। मैं इसके लिए उनका आभारी हूँ। जब दर्शक इतनी गर्मजोशी से प्रतिक्रिया देते हैं तो इससे पता चलता है कि उन्हें किरदार भरोसेमंद और भावनात्मक रूप से सच्चा लगा है। विद्या के किरदार के बारे में बात करते हुए, स्नेहा वाघ ने बताया, मैं अक्सर उत्तर प्रदेश जाती हूँ, लेकिन यह यात्रा अलग और खास लगी। विद्या उन सभी प्यारी माँओं का मिश्रण है जिन्हें मैंने अपनी जिंदगी में देखा है. भानु के किरदार पर दर्शकों के रिएक्शन के बारे में बात करते हुए मानसी साल्वी ने कहा एक एक्टर के तौर पर, दर्शकों को एक ग्रे कैरेक्टर की तारीफ करते देखना बहुत संतोष देता है।

## बीडीओ, एडीओ पंचायत व सीडीपीओ को दी नववर्ष की शुभकामनाएं

### - समिति कैलेंडर व डायरी पेन किया भेंट

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज, बहराइच। आदर्श समाज सेवा समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष मिश्रा के नेतृत्व मे समिति पदाधिकारियों ने मंगलवार को खंड विकास अधिकारी नवाबगंज डॉ राहुल पाण्डेय, एडीओ पंचायत विकास अवस्थी और सीडीपीओ नवाबगंज संजय सचान से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें नववर्ष 2026 की शुभकामनायें दिया। समिति पदाधिकारियों ने बीडीओ व एडीओ पंचायत नवाबगंज से उनके कार्यालय मे भेंट कर उन्हें समिति की डायरी




पेन व कैलेंडर भेंट कर नववर्ष की शुभकामनायें दीं। वहीं समिति कार्यालय बाबागंज पर सीडीपीओ नवाबगंज संजय सचान को नववर्ष व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कैलेंडर व डायरी पेन भेंट किया। इस दौरान बीडीओ नवाबगंज श्री पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए नये साल की शुभकामनाओं के लिए उपस्थिति पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बीडीओ श्री पाण्डेय ने कहा कि नववर्ष नई ऊर्जा, नया संकल्प और नए अवसर लेकर आता है। उन्होंने कहा कि मजबूत प्रतिबद्धता और सकारात्मक सोच के साथ सभी क्षेत्रवासी विकास खंड नवाबगंज के सर्वांगीण विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद गिरि, अरविन्द वर्मा, बद्री सिंह, अरुण सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन गौतम, शाहिद हुसैन आदि उपस्थिति रहे।

## आडिटोरियम में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेश की गौरवशाली सांस्‍तिक परंपरा को विश्व पटल पर अंकित करने और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 10 से 15 जनवरी तक उत्तर प्रदेश पर्व–हमारी संस्‍ति, हमारी पहचान के अन्तर्गत संस्‍ति उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि संस्‍ति उत्सव अन्तर्गत तहसील स्तर पर चयनित प्रतिभागियों के लिए 14 जनवरी को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कपूरथला स्थित आडिटोरियम में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

## टाटा इंडिका कार चोरी, पुलिस से कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो



बहराइच। जनपद के थाना रुपईडीहा अंतर्गत बाबागंज कस्बे में बीती रात कार चोरी की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पीड़ित आलमीन पुत्र अबरार, निवासी नई बाजार बाबागंज दा० जमुनहा, ने पुलिस अधीक्षक बहराइच को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित के अनुसार 12 जनवरी की मध्य रात्रि में विपक्षीगण राम शंकर, राहुल, शिवम, विशाल व अवधेश ने उनकी टाटा इंडिका कार रजिस्ट्रेशन संख्या यू०पी० 32 सीएन 2207 चोरी कर ली। आरोप है कि आरोपी वाहन को चोरी कर नेपाल ले जाकर बेचने की फिराक में हैं। पीड़ित ने बताया कि उक्त वाहन उसके नाम पंजी.त है और घटना के बाद से वे मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर वाहन बरामद कराने की मांग की है। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हो गया है और मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## फर्जी अधिकारी बनकर घूम रहे पांच युवक गिरफ्तार

### - नकदी व इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। रूपईडीहा पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी अधिकारी बनकर घूम रहे पांच युवकों को गिरतार किया है। आरोपियों के पास से भारतीय मुद्रा, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस तथा कई महंगे मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के नेतृत्व में थाना रूपईडीहा पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को दोपहर लगभग 12 बजे एसएसबी चेक पोस्ट पर भारत की ओर से आ रही नीली बत्ती व हूटर लगी इनोवा क्रिस्टा कार को रोका गया। वाहन में सवार पांचों व्यक्ति खुद को सचिवालय का प्रमुख सचिव बताते हुए रौब झाड़ने लगे। संदेह होने पर जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से इलेक्ट्रॉनिक चिप डिवाइस, कुल 2,17,480 नकद तथा कई महंगे मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस के अनुसार गिरतार अभियुक्तों की पहचान धर्मेन्द्र सिंह, शुभम बाजपेई, अनमोल यादव, सचिन सिंह एवं स्वप्निल सहाय, सभी निवासी लखनऊ के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान इनके पास से आईफोन, सैमसंग, ओप्पो, वीवो कंपनी के मोबाइल फोन, नकदी, एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। इस संबंध में थाना रूपईडीहा पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजी.त कर सभी आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई जारी है।

## भाजपा छोड़कर सपा में आए रामहरि का जनपद में हुआ स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव की अध्यक्षता में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा छोड़कर पार्टी में पुनः वापसी कर आए पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट रामहरि चौहान का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद नंदकिशोर यादव गुड्डू ने रामहरि चौहान का पार्टी में आने पर स्वागत किया। कहा कि श्री चौहान पार्टी में बहुत ही पुराने नेताओं में शामिल हैं। पूर्व मंत्री विधायक राजेन्द्र कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि समाजवादी पार्टी में विरले नेता बचे हैं जो नेताजी मुलायम सिंह यादव के समय से राजनीति में सक्रिय रहे। कहा कि दुर्भाग्य से इन्हें किसी सदन में जाने का मौका नहीं मिला लेकिन बार बार इनके नाम पर चर्चा हुई लेकिन किन्हीं न किन्हीं कारणों से यह चूक गए। पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव साधू ने कहा कि पार्टी समय रहते इनके मान सम्मान में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। प्रदेश सचिव अध्याशंकर यादव ने कहा कि उनके पार्टी में शामिल होने से पीडीए समाज और मजबूत हुआ है। चंदौली के विधायक मनोज सिंह ने कहा कि रामहरि चौहान समाजवादी विचारधारा से ओतप्रोत हैं, किन्हीं कारणों से वह बहकावे में आ गए थे। उनके पार्टी में आने से संगठन को और बल मिलेगा। समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव रामहरि ने कहा कि उनके रग, रग में समाजवादी पार्टी की विचारधारा है। कुच व्यक्ति विशेष लोगों के चलते वह क्षुब्ध होकर बीजेपी में गए थे लेकिन बीजेपी का राष्ट्रवाद सिर्फ दिखावा है। वहां पिछड़े और दलितों का कोई सम्मान नहीं है।



कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मप्रकाश यादव, जिला महासचिव कुद्दूस अंसारी, तैयब पालकी आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से हरिश्चंद तिवारी, घोसी विधानसभा प्रत्याशी प्रत्याशी सुजीत सिंह, रामधनी यादव, वीरेन्द्र यादव, पंकज उपाध्याय, सूर्यभान यादव, अशोक कुमार गौतम, रत्नेश भारती, राजेश यादव, मयंक पांडेय, शाहनवाज आलम, अफजल अलंकार, वीरेन्द्र चौहान, अमरनाथ यादव, डॉ ओमप्रकाश यादव, बन्ने खान, चन्द्रकांत मौर्य, रामप्रकाश यादव, ब्लाक अध्यक्ष रामू यादव, विनोद यादव, कन्हैया यादव, महेन्द्र यादव, रामाश्रय यादव,चंद्र किशोर पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे करें आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। सहायक श्रमायुक्त प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय गम्भीरवन आजमगढ़ मंडल के जनपद आजमगढ़ के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजी.त निर्माण श्रमिकों के बच्चों तथा कोविड–19 की महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित हुए बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पात्र बच्चों हेतु शैक्षिक सत्र 2026 के लिए प्रवेश हेतु ऑफलाइन ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक निशुल्क कार्यालय सहायक श्रमायुक्त से प्राप्त किया जा सकता है। पूर्ण भरे आवेदन पत्र समस्त अभिलेखों एवं तीन अतिरिक्त फोटो के साथ 31 जनवरी तक आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा की तिथि 22 फरवरी दिन रविवार को निर्धारित है।

## मिहींपुरवा तहसील में भ्रष्टाचार का खुला खेल, साहब मौन, लेखपाल बेलगाम!

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मिहींपुरवा तहसील इन दिनों जनसेवा के बजाय श्उगाही का अड्डाश बन चुकी है। शासन की जीरो टॉलरेंस नीति को ठेंगा दिखाते हुए यहाँ के लेखपाल अपनी जेबें भरने में मस्त हैं। तहसील प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली का फायदा उठाकर लेखपालों ने हर काम की बोली लगा रखी है, जिससे क्षेत्र का आम आदमी कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर है। भ्रष्टाचार का अटार्नी मॉडल बिचौलियों के हाथ में कमान तहसील में फैले इस मकड़जाल का सबसे काला पक्ष अटार्नी कल्चर है। चर्चा है कि लेखपाल उपकार मिश्रा ने सरकारी काम की आड़ में राजेश श्रीवास्तव नाम के शख्स को अपना कलेक्टर (वसूली एजेंट) बना रखा है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि बिना राजेश के ग्रीन सिग्नल और चढ़ावे के, लेखपाल की कलम नहीं चलती। यह सांठगांठ इतनी मजबूत है कि गरीब किसान अपनी ही जमीन के कागजात के लिए अपनी गाढ़ी कमाई लुटाने को विवश है। जब कोई पीड़ित इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से करता है, तो उक्त मनबढ़ अटार्नी द्वारा फोन करके ग्रामीणों को भद्दी भद्दी गालियां व जानमाल की धमकी दी जाती है। सरकार की योजना, लेखपालों का मुनाफा मिहींपुरवा तहसील में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हैं कि यहाँ सरकारी शुल्कों का कोई मोल नहीं है। जो काम पूरी तरह निशुल्क होना चाहिए, उसके लिए 1 से 2 हजार रुपये की खुलेआम सौदेबाजी हो रही है। वहीं छात्र–छात्राओं के आय, जाति और निवास प्रमाणपत्रों पर भी 300–500 रुपये तथा प्रत्येक खसरा का 100 से 200 रुपये, वहीं खसरे में पेड़ों को दर्ज करने हेतु प्रति पेड़ 100 रुपये टैक्स वसूला जा रहा है। क्षेत्र में चर्चा आम है कि क्या तहसीलदार और एसडीएम मिहींपुरवा इतने असहाय हो चुके हैं कि उन्हें अपने मातहतों की मनमानी दिखाई नहीं दे रही? लेखपालों पर नियंत्रण की कमी यह दर्शाती है कि या तो अधिकारियों का इकबाल खत्म हो चुका है, या फिर इस मलाई में पर्दे के पीछे सबकी मूक सहमति है।

bu I V&

### क्या कहते हैं पीड़ित ग्रामीण

तहसील में लेखपाल साहब मिलते नहीं और उनके गुर्गे बिना पैसे के फाइल आगे बढ़ने नहीं देते। हम गरीब कहाँ जाएं? अब देखना यह है कि इस खबर के प्रकाशन के बाद जिले के उच्चाधिकारी गहरी नींद से जागते हैं या मिहींपुरवा की जनता इसी तरह भ्रष्टाचार की चक्की में पिसती रहेगी। इस संबंध में जब एसडीएम से बात करने की कोशिश की गई, तो उनका पक्ष नहीं मिल सका।

## नेत्र रोगियों का हुआ निःशुल्क परीक्षण

### - 40 नेत्र रोगियों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए भेजा अस्पताल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। दिन मंगलवार को उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की तहसील स्तरीय इकाई मोतीपुर के सौजन्य से शिव मंदिर राजा हीरा सिंह कोठार स्थित चफरिया बाजार के प्रांगण में सीतापुर आंख अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा लगभग 125 नेत्र रोगियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण करके नेत्र रोगियों को औषधि प्रदान कराई गई, जिसमें से पात्र रोगियों को ग्राम चफरिया के प्रधान अजीज द्वारा निशुल्क लगभग 40 चश्मे वितरित कराये गये और 40 गम्भीर नेत्र रोगियों को अस्पताल की मुख्य शाखा में उपचार हेतु विभागीय बस द्वारा निःशुल्क ले जाया गया, वहाँ पर इन नेत्र रोगियों का निःशुल्क नेत्रों के आपरेशन के पश्चात विभागीय बस द्वारा शिवर स्थल पर दिनांक 15–01–2026 वापस भेजा जायेगा। आज के शिविर के प्रारंभ से लेकर शिविर संपन्न होने तक परमार्थ सेवा में उतर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के डा० .ष्ण कुमार मौर्य तहसील सचिव, विनोद कुमार जायसवाल तहसील मीडिया प्रभारी विद्या प्रकाश पाण्डेय थाना सचिव लल्लन साहनी, ग्राम चफरिया के प्रधान अजीज एवं जिला अपराध निरोधक समिति के समस्त पदाधिकारी, सदस्य गण उपस्थित रहे।

## पुलिया निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं : डीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो



बहराइच। बहराइच–गोण्डा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के अन्तर्गत इन्दिरा स्टेडियम के निकट निर्माणाधीन पुलिया का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। कार्यस्थल के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने लो.नि.वि. तथा सम्बन्धित ठेकेदार को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य के कारण आमजनमानस को हो रही असुविधा को देखते हुए निर्माण कार्य को शीघ्र से शीघ्र पूर्ण कराएं। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि निर्माण स्थल पर ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये कि आमजन को कम से कम असुविधा हो तथा यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे। निरीक्षण के समय अधि.अभि. लो.नि.वि. अमर सिंह ने बताया कि बहराइच–गोण्डा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के अन्तर्गत पूर्व में निर्मित पुलिया को 7.50 मीटर से बढ़ाकर 15 मीटर किया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि विभाग का प्रयास है कि पुलिया निर्माण को शीघ्र ही पूरा करा दिया जायेगा ताकि आमजनमानस को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये।

## परिवहन विभाग ने नो हेलमेट न पेट्रोल के क्रम में की कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। परिवहन विभाग द्वारा नो हेलमेट नो पेट्रोल के क्रम में पेट्रोल पंपों पर जांच की गई। इस दौरान बिना हेलमेट के 21 तथा बिना सीट बेल्ट के दो वाहनों का चालान किया गया। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने सभी पेट्रोल पंपों को निर्देशित किया है कि बिना हेलमेट सीट बेल्ट के आने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को पेट्रोल न उपलब्ध कराया जाए। साथ ही परिवहन विभाग द्वारा पेट्रोल पंपों की नियमित जांच कर ऐसे लोगों के खिलाफ प्रवर्तन की कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में आज परिवहन विभाग द्वारा यह कार्रवाई की गई।

## वन विभाग की टीम ने अवैध कटान में अभियुक्तको किया गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र के मुर्तिहा रेंज में अवैध कटान में वन विभाग की गश्ती टीम ने एक अभियुक्त को किया गिरतार। गस्ती अभियान के दौरान वन विभाग टीम द्वारा सोमवार को लगभग 1 बजे मुर्तिहा रेंज के बीट संख्या 21 खुटेहना जंगल बाघ संरक्षित सेंचुरी क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश कर बहुमूल्य प्रजाति के दो वृक्ष खैर का अवैध कटान तथा वनोत्पादनो का विनाशकरण किए जाने के प्रकरण में कटान में प्रयुक्त उपकरण सहित मौके से अभियुक्त कमलेश तिवारी उर्फ छोटू पुत्र शत्रुघ्न उर्फ सत्तन ग्राम निबियापुरवा सेमरी घटही थाना कोतवाली मुर्तिहा को गिरतार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त के पास से कटान में प्रयुक्त उपकरण एक अदद आरा खैर गोल प्रकाषठ 11 नग बरामद हुए।

# पुलिस लाइन में एसएसपी की अपराध गोष्ठी आयोजित

## - लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में अपराध गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के समस्त अधिकारीगण, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, थाना प्रभारी तथा शाखा प्रभारियों ने प्रतिभाग किया। अपराध गोष्ठी के दौरान एसएसपी इटावा ने जनपदीय कानून–व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए, उन्होंने विवेचकों को निर्देशित किया कि लंबित विवेचनाओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, साथ ही अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया जाए। इसके उपरांत आयोजित सैनिक सम्मेलन में वरिष्ठ



पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की गई, जिनके शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए, एसएसपी ने पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाते हुए अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभय नाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीशचंद्र, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, थानाध्यक्ष एवं थाना प्रभारीगण, शाखा प्रभारी तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिला सुरक्षा को लेकर मिशन शक्तिसक्रिय

## - वैदपुरा कस्बे में जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5.0



अभियान के अंतर्गत थाना वैदपुरा पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा वैदपुरा क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया, इस दौरान टीम द्वारा पंपलेट वितरित कर महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा एवं एंबुलेंस 102 व 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 तथा उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही इन नंबरों का आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं को विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इनके लाभ उठाने का आह्वान किया गया, टीम ने महिलाओं एवं छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, सुरक्षित व स्वस्थ रहने तथा प्राप्त जानकारी को परिवार व समाज में साझा करने का संदेश भी दिया।

# बैंक सुरक्षा को लेकर सख्ती, थाना प्रभारियों ने लिया इंतजामों का जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। जनपद में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से 13 जनवरी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रों में स्थित बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों का व्यापक निरीक्षण किया गया। इस दौरान बैंक परिसरों के अंदर एवं बाहर मौजूद सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पुलिस अधिकारियों द्वारा सीसीटीवी कैमरों, अलार्म सिस्टम तथा अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यशीलता को परखा गया। साथ ही संबंधित बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि सभी सुरक्षा मानकों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए इसके अतिरिक्त बैंक कर्मियों एवं आम नागरिकों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया गया, जिससे अपराध की संभावनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# अलाव न जलवाए जाने की ईओ से शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पालिका परिषद द्वारा चिन्हित स्थानों पर अलाव न



जलवाए जाने की शिकायत लेकर मंगलवार को श्री राम सेना के पदाधिकारी नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे। जहां ईओ को ज्ञापन सौंपकर अलाव जलवाए जाने की मांग की। श्री राम सेना के जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में पदाधिकारी नगर पालिका पहुंचे और अधिशाषी अधिकारी रविन्द्र कुमार से मुलाकात कर उन्हें पटका पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में चिन्हित अलाव स्थानों पर ठेकेदार द्वारा लकड़ियों की उपलब्धता न कराए जाने के कारण गरीब जनता ठण्ड से परेशान हो रही है। मांग किया कि चिन्हित स्थानों पर लकड़ी उपलब्ध कराकर अलाव जलवाए जाएं अन्यथा श्री राम सेना द्वारा इस अनियमिततापूर्ण कार्य पर डीएम से मिलकर कार्रवाई करवाई जाएगी। इस मौके पर हरिहर मिश्रा, विजय शुक्ला, लक्ष्मीकांत, अतुल यादव, सुरजीत सिंह, राजू भी मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम ने वरिष्ठ भाजपा नेता को दी जन्मदिन की बधाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम चौधरी एवं इकदिल पूर्व चेयरमैन डॉ. सौरव दीक्षित ने जन्मदिन के अवसर पर डिप्टी



सीएम बृजेश पाठक से लखनऊ स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने वरिष्ठ नेता श्याम चौधरी को जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर नेताओं ने राज्य एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की और आगामी योजनाओं पर विचार विमर्श किया।

# सनगांव डाकघर में हुए गबन का फिर उठा मुद्दा

## - डाक अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्रवाई की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सनगांव स्थित डाकघर में हुए गबन का मामला फिर उठाया गया। पीड़ितों ने प्रधान डाकघर पहुंचकर डाक अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। अधिवक्ता नदीम उद्दीन पप्पू के नेतृत्व में पीड़ित प्रधान डाकघर पहुंचे। जहां डाक अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में बताया कि सनगांव पोस्ट आफिस में तैनात ब्रांच पोस्ट मास्टर नीरज यादव ने पुत्री के जन्म के बाद सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खाते खुलवाए। इसके बाद खातों से अलग–अलग प्रकार की धनराशि प्रतिमाह जमा कराई। कुछ ग्रामीणों की आरडी व एसबी खाता खुलवाकर प्रतिमाह रूपया जमा कराया। यह प्रक्रिया वर्ष 2015–2016 से चल रही है। इसके बाद मार्च–अप्रैल 2025 में नीरज यादव ने उनकी पासबुक जमा करा लिया। पासबुक लेकर नीरज गायब हो गया। जब



जानकारी हुई तो गबन का मामला सामने आया। डाक अधीक्षक समेत जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जनरल पोस्ट मास्टर कानपुर रीजन, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल लखनऊ को लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे वह सभी परेशान हैं। पीड़ितों ने प्रकरण की जांच कराकर दोषी कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर अजहर अली, सुनील शुक्ला, बुधराज, प्रदीप कुमार, मो0 वकील, जीमल, दुर्गेश कुमार मोर्य, कमर जहां, रेखा देवी, धर्मपाल, रोमा देवी भी मौजूद रहीं।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम विद्या द्विवेदी पत्नी श्री महेश प्रसाद द्विवेदी राम सागर तालाब कारीकान धाता फतेहपुर है। यही नाम पते पर मेरा आधार कार्ड संख्या 9769 0764 9047 एंव पैन नं0. म्च्क्7282स् दर्ज है। जो पूरी तरह सत्य है जबकि बैंक आफ बड़ौदा धाता फतेहपुर की बचत खाता संख्या 43398100003050 में मेरा नाम शादी के पहले का रीमा दर्ज है जो गलत है जिसका संशोधन होना आवश्यक है। भविष्य में कोई भी विधिक कार्यवाही होती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी।

विद्या द्विवेदी पत्नी श्री महेश प्रसाद द्विवेदी निवासी राम सागर तालाब कारीकान धाता फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर

मुल वाद सं0–474 सन् 2024 ई०

श्रीमती लक्ष्मी देवी उम्र करीब 44 वर्ष पत्नी विष्णु शंकर दीक्षित निवासिनी ग्राम कमलापुर परगना अयाह शाह तहसील व जिला फतेहपुर हाल मुकाम रघुवंशपुरम खम्भापुर परगना, तहसील शहर व जिला फतेहपुर।

.....वादिनी

....बनाम...........

1.प्रभा शंकर दीक्षित उम्र करीब 42 वर्ष पुत्र रमाशंकर दीक्षित

2.रमाशंकर दीक्षित उम्र करीब 80 वर्ष पुत्र सोमनाथ निवासी ग्राम कमलापुर पोस्ट बहुआ परगना अयाहशाह तहसील व जिला फतेहपुर।

3.पुष्पेन्द्र सिंह उम्र करीब 26 वर्ष पुत्र राजेश सिंह निवासी चक पैगम्बरपुर पोस्ट सिंधाव परगना मुत्तौर तहसील व जिला फतेहपुर।

.....प्रतिवादीगण

मुद्दाअलेह बाजेह हो कि ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24 माह 02 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

आदेश 5 नियम व्यवहार प्रकिया संहिता

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर

नं0 मु0–577 सन् 2025 ई०

1.प्यारेलाल उम्र करीब 80 वर्ष 2. बाबूराम उम्र करीब 77 वर्ष 3. रामस्वरूप उम्र करीब 68 वर्ष 4. रामखेलावन उम्र करीब 55 वर्ष पुत्रगण स्व0 रामभरोसे 5. राजाराम उम्र करीब 56 वर्ष 6. रामविलास उम्र करीब 51 वर्ष 7. राकेश उम्र करीब 46 वर्ष पुत्रगण स्व0 चन्द्रपाल समस्त निवासीगण ग्राम दरियापुर मजरे अभयपुर, पोस्ट अभयपुर परगना व तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

.....वादीगण

....बनाम...........

1.गोरे लाल उम्र करीब 30 वर्ष 2. सुघर उम्र करीब 41 वर्ष 3. पंकज उम्र करीब 23 वर्ष पुत्रगण स्व0 मनीराम समस्त निवासीागण ग्राम मजरे अभयपुर, पोस्ट अभयपुर परगना व तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

.....प्रतिादीगण

हरगाह प्यारेलाल ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 11 माह 03 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब

आर्डर 5 कायदा 1 व 5

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर

नं0 मु0–749 सन् 2024 ई०

1.सत्यम सिंह उम्र करीब 32 वर्ष 2. शिवम सिंह उम्र करीब 28 वर्ष पुत्रगण स्व0 बीरेन्द्र सिंह 3. नीतिका सिंह उम्र करीब 55 वर्ष 4. बेबी सिंह उम्र करीब 53 वर्ष स्व0 बीरेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम शिवबोधन सिंह का डेरा, मजरे धरमपुर सातो, परगना हसंवा तहसील व जिला फतेहपुर ।

.....वादीगण

....बनाम...........

1.सुनील कुमार लोधी उम्र करीब 46 वर्ष पुत्र निवासी ग्राम शिवबोधन सिंह का डेरा, मजरे धरमपुर सातों परगना हसंवा तहसील व जिला फतेहपर।

2.सरकार उ0प्र0 जरिये जिलाधिकारी फतेहपुर।

3.ग्राम सभा धरमपुर सातों, परगना हसवा जरिये ग्राम प्रधान धरमपुर सातों परगना हसंवा तहसील व जिला फतेहपुर।

.....विपक्षीगण

हरगाह वादीगण ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 20 माह 02 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

माघ मेला 2026

आवश्यक सूचना

रेल यात्रियों/श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सहायता हेतु महत्वपूर्ण जानकारी

मुख्य स्नान पर्व एवं तिथिः

मकर संक्रांति- 15.01.2026 | मौनी अमावस्या- 18.01.2026

बसन्त पंचमी- 23.01.2026 | माघी पूर्णिमा- 01.02.2026 | महाशिवरात्रि- 15.02.2026

मुख्य स्नान दिवसों पर प्रयागराज जं., सूबेदारगंज, नैनी जं. एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर निकास एवं प्रवेश की व्यवस्था

प्रयागराज जं. से निकास – केवल सिविल लाइन्स की ओर से

प्रयागराज जं. पर प्रवेश – लीडर रोड द्वारा केवल सिटी साइड की ओर से

प्रयागराज जं. पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयों का विवरण निम्नांकित है:-

| प्रवेश द्वार सं. एवं रंग | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 लाल रंग | 1 लाल रंग | वाराणसी एवं लखनऊ की ओर | 7 से 10 |
| 2 नीला रंग | 2 नीला रंग | मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. की ओर | 4,5 |
| 3 पीला रंग | 3 पीला रंग | मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, सतना की ओर | 1 |
| 4 हरा रंग | 4 हरा रंग | कानपुर, आगरा, दिल्ली की ओर | 2,3 |
| 5 | 5 | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफॉर्म से |

सूबेदारगंज स्टेशन से निकास – केवल जी.टी रोड की ओर से

सूबेदारगंज स्टेशन पर प्रवेश – केवल राजरूपपुर की ओर से

सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए गए यात्री आश्रय का विवरण निम्नांकित है:-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | - | कानपुर, आगरा, दिल्ली की ओर | 1 |
| 3 | - | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफॉर्म से |

प्रयागराज छिवकी स्टेशन से निकास – केवल GEC रोड से

प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रवेश – केवल COD रोड से

प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयों का विवरण निम्नांकित है:-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1A | 1 हरा रंग | मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. की ओर | 1, 2 |
| 1B | 2 लाल रंग | मानिकपुर, सतना, जबलपुर की ओर | 3, 4 |
| 1B | 3 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी की ओर | 3, 4 |
| 2 | 4 | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफॉर्म से |

नैनी जं. से निकास – केवल माल गोदाम की ओर से

नैनी जं. पर प्रवेश – केवल स्टेशन रोड से

नैनी जं. पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयों का विवरण निम्नांकित है:-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 हरा रंग | कानपुर की ओर | 2 |
| 1 | 2 नीला रंग | मानिकपुर, चित्रकूट, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी की ओर | 3 |
| 1 | 3 लाल रंग | मानिकपुर, सतना, जबलपुर की ओर | 3 |
| 2 | - | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफॉर्म से |
| 3, 4 | 4A, 4B पीला रंग | मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. की ओर | 1 |

रेलवे से सम्बन्धित जानकारी एवं अन्य सहायता हेतु वेबसाइट http://melarailseva.com/digital/ पर जायें या दिया गया QR स्कैन करें।

माघ मेला रेलवे टोल फ्री नंबर 1800 4199 139

अपना अनारक्षित टिकट स्वयं बनाने हेतु UTS on Mobile App डाउनलोड करें। UTS on Mobile App डाउनलोड करने के लिए QR स्कैन करें।

कृपया उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, बिना टिकट यात्रा दंडनीय अपराध है।

उत्तर मध्य रेलवे — गतिशीलता ही हमारी पहचान

नोटः– तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु संगम क्षेत्र में त्रिवेणी रोड पर आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट काउंटर खोले गये हैं। 67/26 (A)

@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

माघ मेला 2026

आवश्यक सूचना

रेल यात्रियों/ श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सहायता हेतु महत्वपूर्ण जानकारी

यह ज़रूर करें

- अपने साथ के छोटे बच्चों तथा वृद्धजनों की जेब में घर के किसी सदस्य का नाम, मोबाइल नंबर तथा घर का पूरा पता कागज पर लिखकर रख दें, जिससे खो जाने पर आसानी से उन्हें आपके पास पहुंचाया जा सके। इसी प्रकार अपने अटैची व बैग में भी पूरा पता लिखी हुई पर्ची अवश्य रखें।
- जेबकतरों व अराजक तत्वों से सतर्क रहें तथा अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करें। यात्रा के दौरान सूटकेस, अटैची आदि सामान को सीट अथवा बर्थ से लगी हुई चेन में बांधकर उसमें ताला लगा कर रखें।
- खड़े होने तथा बैठने के स्थान व आस–पास के व्यक्तियों को सावधानी पूर्वक देख लें, कहीं कोई संदिग्ध व्यक्ति/सामान तो नहीं है। किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु होने पर निकटतम पुलिसकर्मी से मदद लें और उसकी सूचना तुरंत दें।
- गाड़ियों के स्टेशन से रवाना होते समय यात्रीगण अपने पहने हुए जेवरात तथा अन्य कीमती सामान के प्रति सचेत रहें।
- अपना सामान केवल कुलियों अथवा यात्री सुविधा केंद्र के कर्मियों के द्वारा ही ले जाएं तथा उनका बैज नंबर अवश्य नोट करें।
- किसी भी घटना या परेशानी के लिए तत्काल राजकीय रेलवे पुलिस एवं रेलवे सुरक्षा बल से सहायता प्राप्त करें।

यह बिल्कुल न करें

- किसी भी लावारिस वस्तु को न छुएं, यह बम अथवा अन्य विस्फोटक वस्तु हो सकती है। इसकी सूचना तत्काल राजकीय रेलवे पुलिस/रेलवे सुरक्षा बल कर्मी अथवा 139 पर अवश्य दें।
- किसी अपरिचित व्यक्ति द्वारा दी गई खाने–पीने की वस्तु का उपयोग न करें इसमें ज़हर हो सकता है। खाने–पीने का सामान अधिकृत वेंडरों से ही खरीदें।
- चलती गाड़ी को रोकने के लिए अनावश्यक चेन खींचना अपराध है। ऐसा करने पर जुर्माना तथा जेल दोनों हो सकती है।
- टिकट हमेशा टिकट खिड़की, ए.टी.वी.एम. अथवा रेलकर्मी के पास उपलब्ध मोबाइल टिकटिंग मशीन से ही खरीदें, किसी अनाधिकृत व्यक्ति से नहीं।
- स्टेशन एवं ट्रेन के डिब्बे को गंदा ना करें, इससे बीमारी फैल सकती है तथा दण्डनीय अपराध है।
- ट्रेन की छत पर यात्रा न करें, क्योंकि ऊपर लगे उच्चतापीय विद्युत तारों से आपकी जान को खतरा हो सकता है।
- स्टेशन परिसर में कृपया धूम्रपान न करें, इससे आग लगने का खतरा रहता है तथा यह दण्डनीय अपराध भी है।
- ट्रेन में यात्रा करने के लिए टिकट क्रय करने हेतु किसी भी व्यक्ति को अतिरिक्त पैसा न दें।
- जरूरत से अधिक सामान लेकर न चलें, यात्रा में कठिनाई हो सकती है।

रेलवे से सम्बन्धित जानकारी एवं अन्य सहायता हेतु वेबसाइट http://melarailseva.com/digital पर जायें या नीचे दिया गया QR स्कैन करें।

माघ मेला रेलवे टोल फ्री नंबर 1800 4199 139

अपना अनारक्षित टिकट स्वयं बनाने हेतु UTS on Mobile App डाउनलोड करें। UTS on Mobile App डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें

कृपया उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, बिना टिकट यात्रा दंडनीय अपराध है।

उत्तर मध्य रेलवे — गतिशीलता ही हमारी पहचान

नोटः– तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु संगम क्षेत्र में त्रिवेणी रोड पर आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट काउंटर खोले गये हैं। 69/26 (C)

@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# भूखण्ड आवंटन हेतु करें आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला उद्योग प्रोत्साहन व उद्यमिता विकास केन्द्र उपायुक्त उद्योग ने बताया कि प्रदेश में उद्योग निदेशालय के अन्तर्गत विकसित राजकीय औद्योगिक आस्थानों, मिनी औद्योगिक आस्थानों में रिक्त भूखण्डों, शेडो को जेम पोर्टल पर फारवर्ड ई–आक्शन प्रक्रिया के माध्यम से एकी. त रूप से आवंटित किये जाने हेतु निदेशालय के पत्र द्वारा निर्देशित किया गया है। प्रथम चरण में प्रदेश के पश्मिांचल के जनपदों में स्थापित औद्योगिक आस्थानों/मिनी औद्योगिक आस्थानों में रिक्त भूखण्डों शेडों को आवंटित किये जाने हेतु जेम विड निर्गत की जा रही है। उक्त भूखण्डों/शेडों को बिड सं0 29097 द्वारा फारवंड ई–ऑक्शन जेम पोर्टल के माध्यम से आवेदन लिये जायेंगे। 06 जनवरी से 19 जनवरी तक पंजीयन, 19 जनवरी से 27 जनवरी तक आवेदन पत्रों की स्कूटनी, 27 जनवरी से 01 फरवरी तक 10 प्रतिशत ईएमडी जमा करना, 02 फरवरी से 04 फरवरी तक ईएमडी धनराशि की स्कूटनी एवं 05 फरवरी एवं 06 फरवरी को अपराह्न दो बजे नीलामी बोली होगी। इच्छुक आवेदक भूखण्ड आवंटन हेतु आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# लोहड़ी पर्व पर चाय का किया वितरण

## – मानव सेवा ही सच्ची सेवा : विनोद गुप्ता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ठंडक से राहत दिलाने के लिए समाजसेवी एवं व्यापारी नेता ने पीलू तले चौराहे पर लोहड़ी पर्व के अवसर पर राहगीरों को चाय पिलाई। चाय पीकर ठंड में लोगों ने राहत महसूस करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से तमाम राह चलते लोगों को ठंड से राहत



मिलती है। व्यापारी नेता विनोद गुप्ता ने कहा कि लोहडी पर्व मकर संक्रांति के पूर्व भारतीय परंपरा में बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। विशेष रूप से सिक्ख समाज इस पर्व को बडे ही उत्साह के साथ मनाता है। उन्होंने पीलू तले चौराहे पर लोगों को गरम गरम चाय पिलाई। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बडी सेवा होती है। कडाके की ठंडक में घर से बाहर निकले लोगों को चाय पीने से थोडी देर के लिये राहत मिल गई। इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ब्रजेश सोनी, राधेश्याम हयारण, जिला प्रभारी संजय गुप्ता, धीरज बाल्मीकि, नीरज बाल्मीकि, संजय जौहरी, ईशु मोदनवाल, मनोज सोनी, रोहित चौरसिया, रज्जन गुप्ता, आशीष अग्रहरि सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आरोप : बिना अनुमति ग्राम सभा की भूमि का आवंटन

## – ग्राम प्रधान ने लालच व लोभ के चलते किया आवंटन, कार्रवाई की मांग



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम दीवानीपुर स्थित ग्राम सभा विभिन्न श्रेणी व सुरक्षित श्रेणी में दर्ज भूमि का बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के लालच व लोभ के चलते आवंटन किए जाने का प्रधान पर आरोप मढ़ते हुए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर दण्डात्मक कार्रवाई किए जाने की मांग की। अपना दल एस की महिला मंच जिलाध्यक्ष कान्ती कुषवाहा की अगुवई में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को दिए गए षिकायती पत्र में बताया कि ग्राम सभा दीवानीपुर की गाटा संख्या 83, 130, 159, 160, 203, 145/230 ग्राम सभा विभिन्न श्रेणी व सुरक्षित श्रेणी में दर्ज भूमि है। जिस पर सन 1995 में तत्समय भूमि प्रबंधक समिति के अध्यक्ष/प्रधान रामषरण द्वारा गलत व अवैधानिक ढंग से बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के पारिवारिक सदस्यों व पुत्र इन्द्रजीत, जियालाल, ष्यामलाल, जय सिंह, इन्द्रपाल को आवंटन कर दिया गया। प्रधान के पास पक्के मकान व भूमि भी है। इसके बावजूद बेषकीमती जमीन का परिवार के लोगों को लालच व लोभ के चलते आवंटन किया गया है। उन्होने जिलाधिकारी से मांग किया कि किए गए आवंटन को रद्द करके संपूर्ण गाटा को ग्राम सभा के खाते में दर्ज करते हुए दोशी व्यक्तियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। इस मौके पर ओम प्रकाष, षिवराज, रामकिषुन, छोटेलाल, सोनू, विनोद कुषवाहा, मनीश कुषवाहा, कुलदीप, कौषल्या, प्रेमचन्द्र, फूलकुमारी भी मौजूद रहीं।

# समाचार पत्र वितरकों व ट्रांसजेंडर्स को दिए कंबल

## – सभी ने रेडक्रास के कार्यो को सराहा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डा. अनुराग श्रीवास्तव ने समाचार पत्र वितरकों व ट्रांसजेंडर्स को



कंबल वितरण किया। डॉ अनुराग ने प्रत्येक दिन प्रातः चार बजे सर्दी, गर्मी समेत हर ऋतु में हम सभी के पास समाचार पत्र पहुंचाने वाले 12 समाचार पत्र वितरकों व 10 ट्रांसजेंडर्स को इस भाव से वह भी समाज का हिस्सा हैं और वह अपने को अलग न समझें। डॉ अनुराग उनके साथ भी हर परिस्थिति में खड़े हैं। कुल 22 लोगों को कम्बल वितरित किया गया। इस अवसर पर समाचार पत्र एजेंसी धारक भीम सिंह, ट्रांसजेंडर्स प्रमुख इकबाल बाई किन्नर व प्रमुख सहयोगी चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उपस्थित रहे।

# डीएम ने सीएम डैश बोर्ड के विकास कार्यो की ली समीक्षा बैठक

## - कल्याणकारी योजनाओं के प्राप्त आवेदनों का ससमय निस्तारण कराने के निर्देश

## - सीवरेज नेटवर्क का कार्य जल्द से जल्द शुरू कराया जाए

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सीएम डैश बोर्ड में विकास कार्यों से संबधित समीक्षा बैठक जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह



की अध्यक्षता में महात्मा गांधी कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माणाधीन परियोजनाओ की प्रगति की बिंदुवार विस्तृत समीक्षा कर संबंधितो को अवाश्यक दिशा–निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि ऐसी निर्माणाधीन परियोजनाएं जिनका निर्माण कार्य निर्धारित समय अवधि में नहीं पूर्ण हो रहा है उसके लिए संबधित कार्यदायी संस्थाएं अपने–अपने मुख्यालय में पत्राचार करते हुए निर्माण कार्य की समय अवधि को रिवाइज कराएं। ताकि जनपद की रैंकिंग सही रहे। ग्राम पंचायतो में 15 वां वित्त आयोग के आवंटित बजट के सापेक्ष कराये गये कार्यों की धनराशि के भुगतान की प्रगति कम होने पर जिला पंचायत राज अधिकारी एवं प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में प्राप्त आवेदनों के निस्तारण की प्रगति कम होने पर मत्स्य निरीक्षक का वेतन तब तक अहरित न किया जाये जब तक कार्य पूर्ण नहीं होता। 50 बेड हॉस्पिटल जहानाबाद व नगर पंचायत असोथर कार्यालय में विद्युत संयोजन न होने पर अधिशाषी अभियंता विद्युत बिन्दकी व खागा को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। यूपीसीएलडीएफ द्वारा कस्तूरबा गांधी विद्यालयो में उच्चीकृत कार्य की प्रगति सही न होने पर अधिशाषी अभियंता से स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। उन्होंने जल निगम शहरी के अधिशाषी अभियंता को निर्देशित किया कि सीवरेज नेटवर्क का कार्य जल्द से जल्द शुरू कराए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कार्यदाई संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति का रंगीन उत्साह, आसमान में उड़ रहीं पतंगें

## - पतंग व मांझे का सजा बाजार, उमड़ रहे ग्राहक

## - दो दिनों तक रंग-बिरंगी पतंगो से पटा रहेगा आकाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मकर संक्रांति का पर्व इस बार विशेष उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। शहर के चारों ओर आसमान रंग–बिरंगी पतंगों से पट गया है। यह खूबसूरत नजारा पर्व से लगभग पंद्रह दिन पहले से ही शुरू हो जाता है और उत्साह धीरे–धीरे चरम पर पहुंचता है। बच्चे और बड़े सभी इस परंपरा में पूरी जोश के साथ शामिल होते दिखाई दे रहे हैं। मकर संक्रांति उत्तरायण का प्रतीक है, जब सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है। यह फसल उत्सव के रूप में भी जाना जाता है और पूरे उत्तर भारत में पतंग उड़ाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। जिले में यह परंपरा खास तौर पर जीवंत है। लोग अपनी छतों (चौकों या छतों) पर चढ़कर पतंग उड़ाते हैं और पेंच लड़ाते हैं। आसमान में छोटी–बड़ी, रंगीन और आकर्षक डिजाइन वाली पतंगें एक साथ उड़ती दिखाई देती हैं, जो देखने में बेहद मनमोहक लगता है। इस उत्साह को देखते हुए बाजारों में पतंग और मांझे (डोर) की दुकानें एक महीने पहले से ही सजनी शुरू हो जाती हैं। लोग दूर–दूर से आकर अपनी पसंद की पतंगें खरीदते हैं। मंगलवार को भी शहर के प्रमुख बाजारों, मुख्य क्षेत्रों और यहां तक कि ग्रामीण इलाकों में भी पतंगों की दुकानें जमकर सजी रहीं। दुकानों पर बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक की भीड़ लगी रही। लोग बड़ी संख्या में पतंगें, मांझा, लट्टू और अन्य सामान खरीदते नजर आए। इस बार खास बात यह है कि बच्चे पहले से ही उत्साहित होकर ढेर सारी पतंगें खरीद चुके हैं, ताकि पर्व के दिन वे खुलकर पतंगबाजी का आनंद ले सकें। वैसे तो मकर संक्रांति हर साल 14 जनवरी को मनाई जाती है, लेकिन पंचांग और उदया तिथि के अनुसार इस साल कुछ जगहों पर लोग



इसे 15 जनवरी को भी उत्साहपूर्वक मना रहे हैं। हालांकि अधिकांश स्रोतों के अनुसार सूर्य का मकर राशि में प्रवेश 14 जनवरी की दोपहर में हो रहा है, लेकिन स्थानीय परंपरा और उत्साह के कारण जिले में दोनों दिनों आसमान पतंगों से रंगीन रहने की उम्मीद है। इस पर्व पर लोग न केवल पतंग उड़ाते हैं, बल्कि स्नान–दान, खिचड़ी का प्रसाद, तिल–गुड़ के लड्डू और परिवार के साथ मिलकर उत्सव मनाते हैं। जिले में यह त्योहार उमंग, खुशी और पुरानी परंपराओं का बेहतरीन संगम बन जाता है। आकाश में लहराती ये रंग–बिरंगी पतंगें न सिर्फ आंखों को सुकून देती हैं, बल्कि दिलों में भी नई ऊर्जा भर देती हैं।

# कोड़ा शाह बाबा की मज़ार पर चढ़ाई गागर-चादर

## - कव्वालों ने बांधी समा, मेले का स्थानीय लोगों ने उठाया लुत्फ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हसवा कस्बा स्थित कोड़ा शाह बाबा के उर्स के मुबारक मौके पर अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने मजार पर गागर व चादर चढ़ाकर मन्नते मानी। उधर देर शाम कव्वाली का आयोजन किया गया। जिसमें दूर–दराज से आए कव्वालों ने कव्वाली प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। मेले का स्थानीय लोगों ने जमकर लुत्फ भी उठाया। हसवा कस्बे के बस स्टैंड चौराहे के नजदीक मस्जिद परिसर में हर वर्षों की तरह इस बार भी कोड़ा शाह बाबा की मज़ार पर उर्स का आयोजन किया गया। जिसमें गागर और चादर अकीदतमंदों ने चढ़ाई। सुबह से लेकर देर रात तक पुरुष, महिलाओं ने मजार पर चादर चढाकर दुआएं और मन्नत भी मांगी। देर रात कव्वाली का आयोजन किया गया। जिसमें बदायूं जनपद से आए रेडियो एण्ड टीवी सिंगर आसिफ सुल्तानी व मुम्बई के जोगेश्वरी रेडियो सिंगर



रोशन आरा के बीच जवाबी कव्वाली का आयोजन हुआ। दोनों कव्वालों ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए। सूफी सिंगर आसिफ सुल्तानी ने कलाम पेश किया या मेरे मौला या मेरे अल्लाह तेरे करम से चांद और सूरज का दीदार होता है। हे अल्लाह तेरी अंधेरी रात में चांद के रोशनी से सारे जहां में प्रकाश दौड़ता है। हसवा कोडा शाह बाबा की मजार में सभी अकीकतमंदो मिलती हैं दुआएं, बाबा की मज़ार में पहुंचे अकीदतमदों को मिलता है जन्नत का रास्ता। हर वली से ऊंचा है रूतबा गौसे आजम का। रोशन आरा ने कलाम पेश किया परदेशी का प्यार एक झोका है, जब मौका मिलेगा तो परदेशी उड़कर निकल जायेगा, मेरे तस्वीर को कमरे में सजाने वाले, मेरे महबूब की तस्वीर अपने दिल में लागने वाले मेरे महबूब ही होगें। जिंदा रहने के लिए तेरी कसम, इक मुलाकात जरूरी है सनम। ऐ हसवा वालों मेरे दिल को अपने दिल में बसा लेना, मैं मुम्बई नगरी की रोशन आरा आऊंगी हर वर्ष कोड़ा शाह बाबा की मज़ार पर गगर और चादर के लिए। जिसे सुनकर लोगों ने खूब वाहवाही की। उर्स के दौरान बड़ी संख्या में दुकानदारों ने मेले में दुकानें लगाई। जहां महिलाओं ने घरेलू उत्पादों के सामान की जमकर खरीददारी किया। बच्चों ने अनेकों प्रकार के खिलौनों की खरीदारी की। बच्चों और महिलाओं ने चाऊमीन, मोमोज़, जलेबी, गुझिया, खस्ता, चाट और समोसे खाकर आनन्द उठाया। इस मौके पर कव्वाली कमेटी के पदाधिकारियों में असलम राईन, वसीम राईन, रशीद राईन, नईम राईन, राजू राईन एवं ग्राम प्रधान राशिद राईन शामिल रहे।

# शिविर में ग्यारह रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

## - भाजयुमो उपाध्यक्ष के जन्मदिन पर लगा शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष आशीष के जन्मदिन पर जिला चिकित्सालय रक्तकेन्द्र में रक्त की कमी के चलते 11 रक्तदाताओ ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उदघाट्न मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। भाजयुमो उपाध्यक्ष आशीष तिवारी सहित ग्यारह रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालो में अभिषेक सिंह चौहान, रामू, ताहा, वैभव, राहुल कुमार, आशीष शुक्ला, आस्तिक द्विवेदी, आयुष यादव, आकाश विष्वकर्मा, विपुल श्रीवास्तव, आशीष तिवारी रहे। रक्तदाता आशीष तिवारी ने कहा रक्तदान के लिए हम सभी युवा हर तीन महीने में रक्तदान करते हैं। जिससे जरूरतमंद को आसानी से रक्त उप्लब्ध हो सके। मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अभिषेक सिंह ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर बिल्कुल स्वस्थ्य रहता है। हर तीन महीने में रक्तदान करते हैं। इससे स्वस्थ्य अच्छा रहता है। टेक्निकल सुपरवाइजर अशोक शुक्ला ने



कहा कि जरूरतमंद मरीज डायलिसिस, कैंसर, थैलीसीमिया जैसे मरीजों बराबर रक्तकेन्द्र से रक्त उपलब्ध करवाया जाता है क्योंकि उनके परिवार में कई बार मरीज को रक्त देने के कारण उनके पास कोई रक्तदाता नहीं होता। परामर्शदाता दीपाली वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना के तहत जरूरतमन्द परिवार को रक्त की आवश्यकता पड़ती है, जिनको रक्तकेन्द्र व संस्था के माध्यम से रक्त की पूर्ति करवाई जाती है। हर स्वस्थ्य व्यक्ति को तीन महीने में रक्तदान करना चाहिए। संस्था द्वारा अगला रक्तदान शिविर 23 जनवरी को स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन व जन शक्ति वाहिनी के सयुक्त तत्वधान में लोक विहार कॉलोनी में पूर्व विधायक विक्रम सिंह के नेतृत्व में होगा। इस मौके पर संस्था से गुरमीत सिंह, अजय साहू, राज पाठक, प्रशांत शुक्ला, जोएब सैय्यद, हर्ष मिश्रा, आदित्य गुप्ता, शिवा विष्वकर्मा, जिला चिकित्सालय रक्तकेन्द्र से डॉक्टर वरदवर्धन बिसेन, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अभिषेक सिंह, फार्मेसिस्ट डॉक्टर लवकुश, डॉक्टर डीके वर्मा, जेआर डॉक्टर अभिषेक, टेक्निकल सुपरवाइजर अशोक शुक्ला, परामर्शदाता दीपाली वर्मा, टेक्नोलॉजिस्ट, दिव्या वर्मा, ब्रज किशोर, स्टाफ नर्स पूजा तिवारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर कौशल श्रीवास्तव, शशि प्रकाश, लैब अटेंडर सुलभ श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के कोतवाली रोड स्थित सदाशिव पैलेस में मंगलवार को स्व0 दिलीप कुमार तिवारी उर्फ दीपू तिवारी की पुण्यतिथि पर एक



भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और शहरवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया और दिवंगत आत्मा को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह धार्मिक अनुष्ठानों और दीपू तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने उन्हें एक मिलनसार और समाजसेवी व्यक्तित्व के रूप में याद किया। आयोजन स्थल सदाशिव पैलेस में दोपहर से ही लोगों का तांता लगा रहा, जहाँ व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए आयोजकों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। आयोजन को सफल बनाने में तिवारी परिवार सहित मित्रों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों और सहयोगियों में रिंकू तिवारी, अर्जित तिवारी, अरमान तिवारी, देवराज सिंह, शोभराज सिंह, पिंटू सिंह, अंशू सिंह, प्रेम शंकर अग्निहोत्री, रमाशंकर अग्निहोत्री, सुदेश द्विवेदी, अनूप द्विवेदी, बृजेश कुमार तिवारी उर्फ रंजू तिवारी एवं राजेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का करें पालन

## - परिवहन विभाग की ओर से लगातार चलाया जा रहा अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रतीक मिश्र ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का उद्घाटन कर प्रचार वाहन को रवाना किया गया। कार्यालय में स्थित टेस्टिंग ट्रैक पर ड्राइविंग टेस्ट देने आये नये अभ्यर्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया गया एवं उनको सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलायी गयी, जिसमें मुख्यतः हेलमेट लगाने हेतु, सीटबेल्ट का प्रयोग किये जाने हेतु, शराब पीकर वाहन न चलाये जाने हेतु, गलत दिशा में वाहन को न चलाये जाने हेतु, ओवरस्पीडिंग से वाहन न चलाये जाने हेतु एवं इत्यादि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। उक्त माह के अन्तर्गत वाहनों (ट्रक/ई–रिक्शा/स्कूली वाहन/बस/टैक्टर ट्राली आदि वाहनों पर) रेट्रो–रिफलेक्टिव टेप लगाकर वाहन चालकों विस्तृत जानकारी दी गयी है। सड़क सुरक्षा से संबंधित नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम करके भी सड़क सुरक्षा संबंधी प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत हेलमेट 83, सीटबेल्ट–15, मोबाइल फोन–5, नम्बर प्लेट–13, बिना डी०एल०–22, नो पार्किंग–05, प्रेशर हार्न हूटर–5, ओवरलोड 15 आदि विभिन्न अभियोगो में प्रवर्तन कार्यवाही कर वाहनों का चालान किया गया। सभी जनपदवासियो से अपील किया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करें।

# 15 को रहेगा अवकाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि मकर संकान्ति के अवसर पर बुधवार को घोषित निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर अब 15 जनवरी गुरुवार को निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट–1881 के अधीन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसलिए गुरुवार को जनपद के समस्त सरकारी कार्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों में अवकाश रहेगा।

# जिला पंचायत सदस्य ने दिव्यांग को दिलवाई ट्राई साइकिल

## – ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांग का खिला चेहरा, दिया धन्यवाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला पंचायत सदस्य मंडल प्रभारी अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी लगातार गरीबों, बुजुर्गों व दिव्यांगजनों की सेवा में लगे हैं। ललिपुर ग्राम निवासी रोहित मिश्रा 20 वर्ष की परचून की दुकान है। 80 प्रतिशत दिव्यांग होने के कारण अपना व्यापार ठीक से नहीं कर पा रहे थे। रिंकू लोहारी ने उनको पेंशन कराने के उपरांत इलिम्को द्वारा ट्राई साइकिल दिलाई। ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांग रोहित मिश्रा गदगद होकर धन्यवाद देते हुए कहा कि अब वह अपना व्यापार और अच्छे ढंग से कर पाएंगे और अपना व अपने परिवार का



पालन पोषण भी कर पाएंगे। श्री लोहारी ने बताया कि प्रदेश सरकार में योगीराज चल रहा है। जिसकी वजह से सभी लोग आत्मनिर्भर हो रहे हैं। योगीराज में दिव्यांग व्यक्ति भी अपना व्यवसाय करके आत्मनिर्भर हो रहे हैं। इससे अच्छा रामराज नहीं आएगा। बताया कि उनके जनता दरबार में आए हुए सभी दिव्यांगजन वरिष्ठ जन्म तथा राशन कार्ड आवास शौचालय आज के सभी कार्ड सुचारू रूप से अधिकारियों द्वारा करवाए जाते हैं। रोहित मिश्रा ने लोहारी को धन्यवाद देते हुए योगी मोदी को धन्यवाद दिया। श्री लोहारी ने बताया कि यदि जनपद में किसी भी दिव्यांगजन को उपकरण की आवश्यकता हो तो उनके जनता दर्शन व शहरी आवास कार्यालय आवास विकास में संपर्क करने के उपरांत उनका अतिशीघ्र उपकरण उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )